दैनिक
भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित
डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24
web- www. bhaskardoot.com

सशस्त्र सैन्य प्रदर्शनी युवाओं के लिए प्रेरणा का अद्वितीय स्रोत- राज्यपाल

◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 268 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, मंगलवार 08 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये

अब बढ़ेगी ठंड- छत्तीसगढ़ से लौट रहा मानसून, 15 अक्टूबर से राते होंगी सर्द

भास्कर दूत

रायपुर। छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई लगभग हो चुकी है। प्रदेश में कुछ जिलों को छोड़ दें तो अधिकतर हिस्सों में बारिश नहीं हो रही है। हालांकि इस बीच तापमान बढ़ा है और लोग गर्मी और उमस से परेशान हैं। बंद हो चुके कूलर फिर से शुरू हो गए। इस बीच मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। छत्तीसगढ़ में 15 अक्टूबर से राते सर्द हो जाएंगी। इसके बाद धीरे धीरे तापमान घटेगा और ठंड बढ़ेगी।

मौसम विभाग की ओर से कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में मंगलवार से सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। शेष



धीरे धीरे तापमान घटेगा और ठंड बढ़ेगी

संभाग में बारिश की संभावना कम है। वहीं तापमान की बात करें तो इसके चलते गर्मी और हल्की उमस महसूस हुई। सुकमा और डोंगरगढ़ 36.6 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को रायपुर समेत कई शहरों में दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा। रायपुर में रविवार को तापमान 35.1 डिग्री रिकार्ड किया गया। राजधानी में दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। बिलासपुर में दिन का तापमान 33.4 डिग्री रहा जो एक डिग्री अधिक था। वहीं दुर्ग में 32.8 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया।

छत्तीसगढ़ को केंद्र से मिले 892.36 करोड़

सीएम साय बोले - सड़कों के निर्माण से प्रदेश में बढ़ेगी विकास की रफ्तार

भास्कर दूत

रायपुर. केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को बड़ी सौगात दी है. बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, जशपुर, बिलासपुर और खैरागढ़ जिलों 8 राज्य सड़क खंड के विकास कार्य के लिए वित्त वर्ष 2024-25 सीआरआईएफ योजना के तहत 892.36 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है. यह जानकारी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी.

सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कहा, छत्तीसगढ़ के लिए हर्ष का विषय है कि 8 राज्य सड़क खंडों के विकास के लिए 892.36 करोड़ रुपए की स्वीकृति केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

नितिन गडकरी ने दी है. इन सड़कों के निर्माण से प्रदेश में विकास को और अधिक रफ्तार मिलेगी. साथ ही लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी एवं जनसुविधाओं का विस्तार होगा. सीएम साय ने इन परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री का प्रदेशवासियों की ओर से आभार जताया है.

एयर शो देखने के लिए जुटी लाखों की भीड़, दम घुटने से 5 लोगों की हुई मौत

200 से ज्यादा अस्पताल में भर्ती

चेन्नई। चेन्नई में इंडियन एयरफोर्स की 92वीं एनिवर्सरी के अवसर पर भारतीय वायु सेना के विमानों के एक एयर शो का आयोजन किया गया. इस दौरान बड़ा हादसा हो गया. गर्म मौसम होने और अधिक भीड़ की वजह से 5 लोगों की मौत हो गयी है. जबकि 200 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

रविवार को चेन्नई के मरीना बीच के पास भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगाँठ पर में एक एयर शो का आयोजन किया गया था. एयर शो सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच आयोजित किया गया था. जिसे देखने के लिए कड़ी तेज धुप में हजारों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे. लोग घंटे पहले ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए. चेन्नई के लोग और आसपास के जिलों से लोग

देखने के लिए आए हुए थे. सूत्रों के मुताबिक, 15 लाख लोग पहुंचें थे.

कार्यक्रम के खत्म होने के बाद पूरी भीड़ एक साथ बाहर निकल लगी. जिसके बाद भगदड़ मच गयी. गर्मी और डिहाइड्रेशन के कारण लोगों की तबियत बिगड़ने लगी. कई लोग बेहोश होकर गिरने लगे. दम घुटने की वजह से कुछ लोग बीमार पड़ गए. बताया जा रहा है उस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है. जबकि 200 लोगों घायल हो गए. जिसने अस्पताल में भर्ती कराया गया. कई लोगों को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया.

वही, दूसरी तरफ जल्दी निकलने के चक्कर में कुछ लोगों ने बैरिकेड तोड़ दिए. जिससे कई लोगों को चोट भी आयी है. बस स्टेशन और मेट्रो सहित सभी जगहों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली जिसके चलते एम्बुलेंस को निकलने भी देखने को मिला है.

मालदीव में RuPay कार्ड से भुगतान की हुई शुरुआत



नई दिल्ली । भारत के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफार्म RuPay कार्ड की सुविधा अब मालदीव में भी शुरू हो गई है। इस ऐतिहासिक पहल का पहला लेनदेन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू की उपस्थिति में नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में किया गया। RuPay कार्ड की शुरुआत से दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारतीय पर्यटकों और व्यवसायियों को मालदीव में भुगतान करने में आसानी होगी। यह कदम भारत और मालदीव के बीच मजबूत आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा, RuPay कार्ड की शुरुआत से दोनों देशों के बीच लेनदेन और सुविधाएं बढ़ेंगी। यह डिजिटल इंडिया और आर्थिक समावेशन के हमारे संकल्प को और सशक्त बनाएगा।

समाचार शीर्ष

'दलित के किचन' में पहुंचे राहुल गांधी, मिलकर बनाया खाना फिर साथ में खाया

कोल्हापुर। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। राहुल गांधी ने कोल्हापुर में एक दलित परिवार के घर पहुंचे। इस दौरान राहुल ने दलित परिवार के रसोई में खाना बनाने में भी अपना हाथ अजमाया। कांग्रेस नेता ने दलित परिवार के साथ किचन में खाना बनाया और साथ खाया भी। राहुल ने इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। बता दें कि महाराष्ट्र में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में अजय तुकाराम सनदे और अंजना तुकाराम सनदे के घर खाना खाने पहुंचे। इस दौरान राहुल ने रसोई में खाना बनाने में भी अपना हाथ अजमाया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा, 'दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो भी शेयर किया. इसमें देखा जा सकता है कि खाना खाते वक्त राहुल गांधी कहते हैं कि वे ज्यादा मिर्ची नहीं खाते।

छत्तीसगढ़ बजट 2025-26 के प्रस्तावों को लेकर वित्त विभाग का निर्देश

वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारी तेज कर दी है। नए बजट के लिए विभागों से प्रस्ताव मंगाए गए हैं। प्रस्ताव बजट को लेकर विभाग विभाग ने सभी विभागों को एक निर्देश जारी किया है

भास्कर दूत

रायपुर। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारी में जुटे वित्त विभाग ने सभी विभागों से प्रस्ताव मांगा है। वित्त विभाग की तरफ से इस संबंध में एक निर्देश भी जारी किया गया है। इसमें विभागों से कहा गया है कि 2025-26 का बजट प्रस्ताव 2024-24 के बजट प्रावधानों से 8 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

वित्त विभाग के अफसरों के अनुसार राज्यों के बजट में हर साल सामान्यतः 10 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाती है, लेकिन वित्तीय व्यवस्था को पटरी पर लाने की दृष्टि से दो प्रतिशत कम का प्रस्ताव मंगाया गया है। बताते चलें कि राज्य पर कर्ज का बोझ तेजी से बढ़ रहा है। मौजूदा सरकार को 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज विरासत के रुप में मिला था, जो अब बढ़कर 1 लाख 14 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज हो गया।माना जा रहा है कि इसी वजह से इस बार बजट को टाइट रखने का प्रयास किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट चालू वित्तीय वर्ष का मूल बजट 1 लाख 60 हजार 568 करोड़ रुपये का पेश किया गया था। इसमें ऋण आदि निकालने के बाद शुद्ध बजट 1 लाख 47 हजार 446 करोड़ रुपये का है। नए बजट के लिए वित्त विभाग की तरफ से जारी निर्देशों में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान है। ऐसे में छत्तीगसढ़ का अगला बजट 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये के आसपास का हो सकता है।

टमाटर हुआ और लाल, सब्जियों के दाम भी छू रहे आसमान

भास्कर दूत

रायपुर। नवरात्रि में सब्जियों के भाव लगातार बढ़ने से लोग परेशान है। टमाटर तो जैसे आंखे तरेर रहा है। पहले से महंगाई की मार अब आम लोगों के लिए सब्जियों के बढ़ते दामों ने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। इन दिनों मार्केट में टमाटर 100-110 रूपये किलो तक बिक रहा है। वहीं, ग्राहकों का कहना है कि टमाटर ही एक मात्र ऐसी सब्जी है जिसे गरीब आदमी इसका इस्तेमाल बिना सब्जी के भी खाने में कर लेता था, लेकिन अब इसके दाम बढ़ गए हैं। इससे

आम ग्राहकों में खासी मायूसी है।

बारिश के कारण हुआ नुकसान...

सब्जी के थोक विक्रताओं का कहना है कि इस साल बारिश के कारण टमाटर की खेती खराब हुई है। खेतों में पानी की वजह से टमाटर की फसल बढ़ नहीं पाई। इस बार बारिश में किसानों को काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। मार्केट में टमाटर नहीं आ रहे और जो आ रहे वो महंगे बिक रहे है। थोक विक्रेताओं का कहना हैं कि शायद त्योहार के बाद सब्जियों के दामों में कमी आ सकती है। राजधानी रायपुर के होलसेल मार्केट में टमाटर थोक में 60-70 रूपये किलो और चिल्लर में 100-110 रूपये किलो बिक रहा है। बरबटी थोक में 50-60, चिल्लर में 80-90, करेला 40-50 किलो, चिल्लर में 70 रूपये। पत्तागोभी 40 रूपये किलो, फूल गोभी 60-70 रूपये थोक में, चिल्लर में 100 रूपये किलो तक बिक रहा है।

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र, लोहारीडीह घटना पर न्याय की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष दीपक बैज ने लोहारीडीह घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है. इस पत्र में उन्होंने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और घटना में संलिप्त पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है. दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ सरकार इस घटना को डाइवर्ट करने और दबाने की कोशिश कर रही है. इसके साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवारों को एक-एक करोड़ देने की भी मांग की है. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री साहू समाज से आने की बात करते है. छत्तीसगढ़ आकर सिर्फ वोट पाने के लिए साहू समाज को याद करते हैं. पीड़ित परिवारों की ओर से प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर घटना की जांच कराने का आग्रह किया है.

बाजे-गाजे के साथ मृत गाय की निकाली अंतिम यात्रा, नम आंखों से लोगों ने दी विदाई

भास्कर दूत

कवर्धा. छत्तीसगढ़ की धर्म नगरी कवर्धा में गौ माता के अंतिम संस्कार का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है. दरअसल आज सुबह गौ पालक राजू पाण्डेय के यहां लंबे समय से अस्वस्थ एक गाय का निधन हो गया. परिवार वाले और मोहल्लेवासियों ने बाजे-गाजे के साथ मृत गाय की अंतिम यात्रा निकाली और विधि विधान से अंतिम संस्कार भी किया. गाय की अंतिम यात्रा में न केवल गौ पालक राजू पाण्डेय का परिवार शामिल हुआ बल्कि पूरे मोहल्लेवासी भी शामिल हुए. मोहल्लेवासियों ने नम आंखों से गौ माता को विदाई दी. इस दौरान गाय के प्रति लोगों का प्रेम और सम्मान इस कदर देखने को मिला कि कइयों की आंखें नम हो गई.

निर्धारित समय में नक्सल मुक्त होगा छत्तीसगढ़-डिप्टी सीएम साव

भास्कर दूत

रायपुर. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को दिल्ली में नक्सलवाद को लेकर अहम बैठक ले रहे हैं. सीएम साय भी वहां छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुए नक्सल एन्काउंटर की जानकारी साझा करने पहुंचे हैं. इसे लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि सरकार बनने के बाद आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ हमने रणनीतिक ढंग से काम किया, जिससे आज प्रदेश में इस पर नियंत्रण आया है. केंद्रीय गृह मंत्री नक्सल प्रभावित प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर रहे हैं. जो लक्ष्य निर्धारित हुआ है, उसी निर्धारित समय में छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होगा. वहीं महाराष्ट्र, झारखंड राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी मिली है।

छत्तीसगढ़ में सेंट्रलाइज्ड नीति लागू

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव बोले अब प्राइवेट यूनिवर्सिटी और कॉलेजों की मनमानी पर लगेगी लगाम

रायपुर. छत्तीसगढ़ में पहली बार उच्च शिक्षा विभाग ने प्राइवेट कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के लिए सेंट्रलाइज्ड नीति लागू की है. स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024 के बारे में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर ने बताया, पहले यूनिवर्सिटी लेवल पर नीति निर्धारण होता था. अब राज्य स्तर पर सेंट्रलाइज्ड किया गया है. प्रवेश से लेकर पढ़ाई, परीक्षा, मूल्यांकन, असाइनमेंट, वार्षिक अकादमिक कलैंडर सब तय कर दिया गया है. सेंट्रलाइज्ड नीति से अब प्राइवेट यूनिवर्सिटी व कॉलेजों की मनमानी पर लगाम लगेगी.

नक्सलियों के खिलाफ सफल अभियान के लिए अमित शाह ने सीएम साय को दी बधाई

डबल इंजन की सरकार में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से हो रहा विकास-अमित शाह

भास्कर दूत

रायपुर। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सोमवार को नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी टीम के साहसिक प्रयासों की प्रशंसा की. उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नक्सल उन्मूलन के लिए उठाए गए प्रभावी कदमों को सराहते हुए मुख्यमंत्री और उनकी टीम को बधाई दी. उन्होंने कहा कि नक्सल मोर्चे पर

छत्तीसगढ़ सरकार बेहतर कार्य कर रही है, जिससे नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों को अभूतपूर्व सफलता मिल रही है.

शाह ने कहा कि हमने डिफेंसिव नीति को छोड़कर आक्रमक नीति को अपनाया है. उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के सहयोग से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है, जिससे वहां के लोग मुख्यधारा में लौट रहे हैं.

बैठक के दौरान गृह मंत्री शाह ने विशेष रूप से हाल ही में हुए नक्सली मुठभेड़ का उल्लेख किया, जिसमें छत्तीसगढ़ पुलिस ने 31 नक्सलियों को ढेर किया था. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पुलिस, डीआरजी, और बस्तर बटालियन के जवानों ने बेहतरीन तालमेल और खुफिया जानकारी के साथ इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया. यह नक्सल उन्मूलन अभियान राज्य सरकार की रणनीति, खुफिया तंत्र और केंद्रीय बलों के सहयोग का बेहतरीन उदाहरण है.

गृह मंत्री शाह ने आगे कहा, छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में उल्लेखनीय प्रगति की है. पिछले नौ महीनों में 194 से अधिक माओवादी मारे गए हैं, 800 से ज्यादा नक्सलियों की गिरफ्तारियां हुई है और 738 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. मुख्यमंत्री साय और उनकी टीम का प्रयास सराहना के योग्य है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचा विकास

अमित शाह ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सहित सभी नक्सल प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि इन क्षेत्रों में शांति और विकास को बढ़ावा दिया जा सके. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सल प्रभावित गांवों में विकास का नया अभियान चलाया, जिससे गांवों में विकास पहुंचा है. सरकार ने नक्सलियों के वित्तीय पोषण को भी रोका है.

मॉर्निंग वॉक पर निकले 6 बच्चों को पिकअप वाहन ने रौंदा

गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

जांजगीर-चाम्पा. जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र में आज मॉर्निंग वॉक पर निकले 6 बच्चों को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने रौंद दिया. इस घटना में घटना में सभी 6 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए और पिकअप वाहन मौके से फरार हो गया. सभी घायल बच्चों को पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बिलासपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है. 2 बच्चों की स्तिथि अभी काफी गंभीर बनी हुई है. यह सभी बच्चे कुटराबोर्ड के रहने वाले है. वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

सशस्त्र सैन्य प्रदर्शनी युवाओं के लिए प्रेरणा का अद्वितीय स्त्रोत- राज्यपाल

भास्कर दूत

रायपुर। रायपुर में आयोजित भव्य सशस्त्र सैन्य समारोह युवाओं के लिए प्रेरणा का एक अद्वितीय स्रोत है। यह दिखाता है कि भारतीय सेना में शामिल होने का अर्थ केवल एक नौकरी पाना ही नहीं है बल्कि अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पण की भावना से ओत-प्रोत होना है।

राज्यपाल रमेन डेका ने आज सोमवार को रायपुर में सशस्त्र सैन्य समारोह के समापन अवसर पर उक्त बातें कहीं।

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में विगत 05 अक्टूबर से आयोजित सशस्त्र सैन्य प्रदर्शनी का आज भव्य समारोह में समापन हुआ। इस कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि भारतीय सेना राष्ट्र सेवा का प्रतीक है, इसमें शामिल होकर राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं। सैन्य प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ के युवाओं में साहस और समर्पण की भावना उत्पन्न होगी। छत्तीसगढ़ के युवा भी सेना में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे और देश की सुरक्षा में तत्पर रहेंगे।

श्री डेका ने कहा कि, यह आयोजन हमे दिखाता है कि भारतीय सेना अब अत्याधुनिक तकनीकों और उपकरणों से सुसज्जित है। यह आत्मनिर्भर भारत की ओर हमारा बढ़ता हुए कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस प्रगति की है। भीष्म टी-90 टैंक, स्ट्रेला मिसाइल और अन्य सैन्य उपकरण जो हम यहां देख रहे है, इस बात का प्रमाण है कि अपने संसाधनों और प्रतिभा का उपयोग करके हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ ताकतों में से एक बन रहे है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य और वीरता अद्भुत है। हर सैनिक में त्याग, साहस और कर्तव्यपरायणता की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। इसमे महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे भी सेना के हर मोर्चे पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। हमारे जवानों का अदम्य साहस और कर्तव्य निष्ठा हमे यह सिखाता है कि जब देश की बात हो तो हमे सभी कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार रहना

चाहिए। भारतीय सेना न केवल युद्ध क्षेत्र में बल्कि आपदा राहत कार्यों, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और शांति बनाए रखने के प्रयासों और जीवन के साथ हमारी सम्पत्ति की रक्षा करती है। इसलिए हमारे सैनिकों और उनके परिजनों के हित और कल्याण के लिए हमें भी अधिक-अधिक योगदान करना चाहिए। समारोह के पूर्व श्री डेका ने सैन्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सेना के उच्च अधिकारियों ने भीष्म टी-90 टैंक सहित विभिन्न मिसाइल, अत्याधुनिक लड़ाकू हथियारों एवं अन्य सैन्य उपकरणों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल श्री डेका ने शहीद जवानों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में स्वागत भाषण रायपुर जिले के कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने किया। समारोह के दौरान एनसीसी के कैडेटों का शानदार घुड़सवारी प्रदर्शन, जाबांज सैनिकों का डेयर डेविल मोटर साइकिल शो, गोरखा रेजिमेंट का खुखरी डांस प्रस्तुतिकरण, हेलीकॉप्टर से सलामी, सैन्य छापेमारी, मिलिट्री बैंड कॉन्सर्ट एवं अन्य विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने छत्तीसगढ़ और ओड़िशा उप क्षेत्र के ब्रिगेडियर अमन आंनद को छत्तीसगढ़ शासन की ओर से मानपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। सेना के अधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

घिनौना अपराध करने वाले प्रधान पाठक को 3 साल की सजा

भास्कर दूत

रायपुर। स्कूली बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करने और उनसे गंदी-गंदी बाते करने के दोषी प्रधान पाठक इंद्रमन साहू (56 वर्ष) को उसके बुरे कर्मो की सजा मिल गई है। 6 वर्ष पूर्व रायपुर जिले अभनपुर विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत सुंदरकेरा के स्कूल में प्रधान पाठक के रूप में पदस्थापना के दौरान इंद्रमन साहू स्कूली बालिकाओं की लज्जा का आनादर करने के आशय से गंदी-गंदी बातें करने के साथ ही लैगिंक हमले का अपराध कारित करने के मामले में न्यायालय ने उसे दोषी माना है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, द्वितीय फास्ट्रैक विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) रायपुर ने उसे धारा 354 के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास सहित एक हजार रूपए के अर्थ दंड तथा धारा 509 के तहत तीन वर्ष के कारावास तथा एक हजार रूपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

गौरतलब है कि गुरू शिष्य के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाले इंद्रमन साहू द्वारा स्कूली बच्चियों से गंदी - गंदी बातें ,अश्लील हरकतें लगातार की जा रही थी । वह बालिकाओं को डराता और धमकाता भी था।

बालिकाओं ने इस बात की जानकारी अपने पालकों को दी, तो पालक आकोषित हो गए और उन्होंने इसकी शिकायत पंचायत पदाधिकारी से की, और फिर उसके के विरूद्ध 29 सितम्बर 2018 को गोबरा नवापारा थाने में अश्लील हरकत और छेड़खानी और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने उक्त मामले में उसी समय उसे गिफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में वह जमानत मुचलके पर रिहा हुआ था। न्यायालय में चल रहे इस मामले का फैसला 18 अगस्त 2024 हुआ, जिसमे वह अपराध कारित करने का दोषी पाया गया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने सम्पूर्ण तथ्यों परिस्थितियों तथा इंद्रमन साहू द्वारा किए गए अपराध एवं उनकी गंभीरता को देखते हुए उसे धारा 354 एवं धारा 509 के तहत 3 वर्ष के सश्रम कारावास सहित दोनों धाराओं में एक-एक हजार रूपए के अर्थदंड के सजा दी है। अर्थदंड की राशि अदा न किए जाने पर उसे प्रत्येक धाराओं में एक-एक माह सश्रम कारावास पृथक से दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। न्यायालय ने उसके पूर्व के जमानत मुचलके को निरस्त करने के साथ ही उसे केन्द्रीय जेल रायपुर भेज दिया है।

मामूली विवाद में कर दी युवक की हत्या, 4 हत्यारे गिरफ्तार

भास्कर दूत

रायपुर। प्रार्थी शंकर नायक ने थाना डी.डी.नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह पार्थिवी प्रोविंस, न्यु बाजार चौक, सरोना रायपुर में रहता है तथा चालक का कार्य करता है। प्रार्थी का भांजा अभय नेताम प्रार्थी के घर के पास में ही अपने दोस्त सोनू यादव के घर सोने जाता था।

दिनांक 05.10.2024 के रात्रि करीबन 10.50 बजे प्रार्थी अपने घर पर खाना खा रहा था, इसी दौरान सोनू यादव अपने अन्य दोस्त के साथ प्रार्थी के घर में आकर बताया कि उसके घर में अभय नेताम के साथ मोहल्ले के प्रवीण यादव, प्रेम यादव, पुरूषोत्तम यादव एवं करण नायक मिलकर हाथ मुक्का, डण्डा एवं चाकू से मारपीट किये है तब प्रार्थी सोनू यादव के घर जाकर देखा तो उसके भांजे के शरीर पर गंभीर चोट थे तथा खून बह रहा था। जिस पर प्रार्थी द्वारा अपने भांजे को अस्पताल में ईलाज हेतु भर्ती कराया गया, जहां ईलाज के दौरान प्रार्थी के भांजे की मृत्यु हो गई। जिस पर आरोपी प्रवीण यादव, प्रेम यादव, पुरूषोत्तम यादव एवं करण नायक के विरूद्ध थाना डी.डी.नगर में अपराध क्रमांक 386/24 धारा 103(1), 3(5) बी.एन.एस 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी डी.डी.नगर के नेतृत्व में थाना डी.डी.नगर पुलिस की टीम द्वारा प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी प्रवीण यादव, प्रेम यादव, पुरूषोत्तम यादव एवं करण नायक की पतासाजी करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा मामूली बात को लेकर विवाद होने पर उक्त हत्या की घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं डण्डा जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

गिरफ्तार आरोपी-

01 प्रवीण यादव पिता अनिल यादव उम्र 19 साल निवासी सरौना थाना डी.डी.नगर रायपुर।

02 प्रेम यादव पिता लक्ष्मण यादव उम्र 20 साल निवासी सरौना थाना डी.डी.नगर रायपुर।

03 पुरूषोत्तम यादव पिता कृपाराम यादव उम्र 24 साल निवासी सरौना थाना डी.डी.नगर रायपुर।

04 करण नायक पिता रमेश नायक उम्र 19 साल निवासी सरौना थाना डी.डी.नगर रायपुर।

न्यू राजेंद्र नगर इलाके में शराब कोचिया गिरफ्तार

भास्कर दूत

रायपुर। पुलिस ने शराब कोचिया के विरुद्ध कार्यवाही की है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ऋषभ रेजिडेंसी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है की मुखबिर सूचना पर रेट कार्रवाई की गई जो कि उक्त आरोपी के कब्जे से 15 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की कीमती 1950 रुपए जप्त की गई उक्त आरोपी का कृत्य 34 (ड्ड) आबकारी एक्ट के पाए जाने से आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी आर पोर्ते के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (पुरानी बस्ती) रायपुर के पर्यवेक्षण थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर के नेतृत्व में शराब कोचिया के विरोध की गई आबकारी एक्ट की कार्रवाई।

सार समाचार

दुर्घटना में कट गये थे दोनों पांव, फिर भी बचा ली जान

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुशल स्वास्थ्य प्रबंधन और त्वरित उपचार को प्राथमिकता देने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की मदद से जरूरतमंद लोगों को लगातार मदद मिल रही है। पांच जुलाई को कोण्डागांव से रायपुर आ रहे 25 वर्षीय युवक शिराज हुसैन की मोटरसाइकिल, ट्रक से दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। दुर्घटना में शिराज के दोनों पांव ट्रक के नीचे आ गए थे। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर उसके उपचार का खर्च वह उठा सकें। गंभीर रूप से घायल शिराज को राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से उपचार के लिए 10 लाख रुपये की मदद दी गई। इस आर्थिक मदद से शिराज हुसैन का बेहतर इलाज संभव हो पाया और उसकी जान बच सकी। हालांकि दुर्घटना के बाद 90 फीसदी इन्फेक्शन से ग्रसित शिराज की जान बचाने के लिए डाक्टरों को उसके दोनों पैर काटने पड़े। शिराज का विवाह छः माह पूर्व ही हुआ था। उसका ससुराल रायपुर में है। दुर्घटना के दिन युवक कोण्डागांव से रायपुर अपने ससुराल ही आ रहा था। इसी दौरान अभनपुर के पास वह दुर्घटनाग्रस्त हुआ। शिराज हुसैन की इलाज के दौरान दो बार इन्फ्युटेशन ग्राफ्टिंग डिब्राइटमेंट फ्लेप सर्जरी की गई। इसकी वजह से उसकी जान बचाई जा सकी है। शिराज हुसैन की कुछ दिनों बाद ही अस्पताल से छुट्टी हो जायेगी।

स्वास्थ्य मंत्री के माध्यम से मिली मदद

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से दुर्घटनाग्रस्त युवक शिराज हुसैन के परिजनों ने बेहतर इलाज की मांग की थी। जायसवाल के द्वारा मरीज के परिजनों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में जानकारी देते हुये आवेदन करने को कहा। जिसके बाद इलाज के लिए 10 लाख की सहायता प्राप्त हुई। शिराज हुसैन के परिजनों ने दुर्घटना के बाद उसके बचने की आस छोड ही दी थी, लेकिन मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की मदद के माध्यम से वो अब पूरी तरह स्वस्थ है और कुछ दिनों में अपने घर पहुंच जायेगा।

ऑनलाइन पैसा कमाने का झांसा देकर हजारों की ठगी

रायपुर । ऑनलाइन काम करके पैसा कमाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिलोकचंद पात्रे 31 वर्ष वीरकुंवर सिंह कालोनी हीरापुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल धारक 92335-39436 से कॉल कर प्रार्थी से कहा कि ऑनलाइन पैसा कमाने का झांसा देकर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर 10500 रुपए लगाने का झांसा दिया और रोज 2 से 4 हजार रुपए कमाने का लालच दिया। जिससे प्रार्थी ने आरोपी के बताए खाते में जोड़कर लोगों से पैसा लेकर ठगी किया। जिसके बाद आरोपी ने ग्रुप को बंद कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रायपुर में 8 बुलेट चालकों पर लगा 40 हजार का जुर्माना

भास्कर दूत

रायपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकं पश्चिम दौलत राम पोर्ते, एवं नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार झा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आजाद चौक निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा नशा का सेवन कर वाहन चलाते 32 चालको के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर वाहन जप्त कर प्रकरण न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय रायपुर पेश किये जाने पर प्रत्येक चालको पर 10,000-10,000 रूपये का जुर्माना न्यायालय द्वारा कुल 3,20,000 रूपये का किया गया।

अव्यस्क बालक के द्वारा वाहन चलाते पाये जाने पर तीन वाहन चालको के वाहन जप्त किये जाकर धारा 4/181 मोटर व्हीकल एक्ट का प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड माना पेश किये जाने पर कुल 1700 रूपये तथा वाहन स्वामी के खिलाफ धारा 199 क मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही करते हुए प्रकरण न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय रायपुर पेश किये जाने पर कुल 87,000 रूपये का जुर्माना किया गया। बुलेट मोटर सायकल में कंपनी से लगे साइलेंसर को चेंज कर तेज फटाके की तरह आवाज वाले मोडिफाईड साइलेंसर लगाकर बुलेट मोटर सायकल चलाने वाले 8 मोटर सायकल पर धारा 182 क (4) मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर 5000-5000 रूपये कुल 40,000 रूपये का समन शुल्क थाना प्रभारी द्वारा काटा जाकर , साइलेंसर निकलवाया गया।

वर्दी साफ नहीं रखने वाले आरक्षकों को एसएसपी संतोष सिंह ने लगाई फटकार

भास्कर दूत

रायपुर। रक्षित केंद्र के परेड ग्राउंड में एसएसपी संतोष सिंह ने जनरल परेड में सलामी ली परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, दौलत पोर्ते, ममता देवांगन एवं सभी नगर पुलिस अधीक्षक,थाना प्रभारी तथा थानो से बड़ी संख्या में कर्मचारी उक्त जनरल परेड में उपस्थित हुए।

निरीक्षण के दौरान आठ अधिकारी कर्मचारीयो को उनके अच्छी वेशभूषा हेतु ईनाम दिया गया तथा कुछ आरक्षक को गणवेष गंदा पाये जाने से उसे सजा दिया गया। इस दौरान पुलिस के अधिकारी और जवानों ने शस्त्र ड्रिल, ट्रैफिक ड्रिल और अन्य अभ्यास किया इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परेड के दौरान इनको कई को ईनाम और कुछ को सजा दिया गया। ज्ञात हो कि शुक्रवार को तड़के सुबह पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने के लिए रक्षित केंद्र के परेड ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन किया जाता है। आज परेड के बाद तनाव प्रबंध की कार्यशाला रखी गई।

सैन्य प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़, भीष्म टी-90 टैंक का रहा आकर्षण

आर्टिलरी एवं सैन्य उपकरणों को देखने के लिए पहुंचे बड़ी संख्या में लोग

भास्कर दूत

रायपुर । साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सैन्य प्रदर्शनी के दूसरे दिन रविवार को प्रदर्शनी एवं भारतीय सैनिकों के पराक्रम को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। भारतीय सेना के भीष्म टी-90 टैंक लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। भीष्म टी-90 टैंक के साथ लोगों ने खूब फोटो खिंचवाए और आर्टिलरी समेत अन्य उपकरणों को करीब से देखकर काफी रोमांचित हुए। सुबह से ही हर वर्ग के नागरिक डेयर डेविल्स के हैरत अंगेज करतब को देखने के लिए पहुंचे और डेयर विल्स के जवानों बाइक जैसे ही आग के पलटों के बीच से छलांग लगाई, वैसे ही दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। जवानों के सैन्य बैंड और देशभक्ति गीत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा डेयर डेविल्स ने पेरेलर और डबल क्रॉसिंग को देखकर लोग का रोमांच बढ़ गया। डेयर डेविल्स के हैरत अंगेज करतब को लोगों ने खूब पसंद किया और सराहा।

सैन्य बैंड एवं देशभक्ति धुन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध
डेयर डेविल्स के जवान की बाइक आग के लपटों के बीच से निकली

जवानों को अभिवादन किया और

आप के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

भास्कर दूत

रायपुर। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ की रविवार की प्रदेश के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक रखी गयी बैठक में प्रदेश पदाधिकारी,लोकसभा अध्यक्ष, लोकसभा सचिव एवं जिला अध्यक्ष(शहर एवं ग्रामीण) शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू जी ने सभी साथियों को बधाई दी और पार्टी के संगठन किया मजबूती के लिए सभी को प्रयास करने कहा। उन्होंने कहा कि पहले हमारी सारी इकाईयां भाँग थी, अब नई नियुक्तियां हुई है, प्रदेश में सभी नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी जनता के सामने पुरे विश्वास के साथ जाएगी। भाजपा और कांग्रेस आम आदमी पार्टी को प्रदेश में अब हल्के में ना ले अब हम मजबूती से टक्कर देंगे।

इनकी कुनीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज़ उठाएंगे। प्रदेश संगठन महासचिव जसबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में अभी राज्य स्तरीय नियुक्तियाँ हुई हैं जल्द ही जिलाध्यक्ष स्तर की अन्य नियुक्तियां होंगी और आम आदमी पार्टी का एक विशाल संगठन प्रदेश में बनेगा। प्रदेश महासचिव वदूद आलम जी ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को आज और भी अन्य जिम्मेदारियां दी गयीं हैं जिससे प्रदेश में संगठन मजबूत होगा। प्रदेश प्रमुख प्रवक्ता सूरज उपाध्याय जी ने कहा कि पार्टी की लड़ाई को मीडिया और सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा प्रचारित किया जायेगा ताकि आम जनता तक पार्टी का अच्छा मेसेज पहुँचाया जाये। आज की बैठक में पुरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से आम आदमी पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कोयबा में वन्य प्राणी सुरक्षा संरक्षण संवर्धन माह कार्यक्रम हुआ आयोजन

वन एवं वन्यजीवों के पूछे गए प्रश्न पर बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया

चन्द्रहास निषाद,

गरियाबंद (भास्कर दूत)। उदंती सीता नदी में आज वन्य प्राणी संरक्षण संवर्धन माह के अन्तर्गत राजा पड़ाव में आज उदंती सीता नदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के कोयबा केंद्र में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी के उपस्थिति में बच्चों के द्वारा विभिन्न वन्य प्राणियों के सुरक्षा को लेकर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं नाटक पेश किया गया जिसमें में 13 विभिन्न स्कूलों के बच्चों को आमंत्रित कर वन्य जीवों के बारे में प्रश्न पूछे गए तथा उनके जवाब से संतुष्ट होने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर मैनपुर एसडीओपी बाजीराव भी उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के उपनिदेशक वरुण जैन को प्रमुख भूमिका रही साथ ही टाइगर प्रोजेक्ट के परिक्षेत्र अधिकारी उप संचालक गोपाल कश्यप रेंज अधिकारी, राकेश परिहार अमर सिंह ठाकुर श्रीमती मेश्राम आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

उजड़ते जंगल के चलते ही वन्य जीव गांव तक पहुंच रहे हैं हमें हमें वनों को उजड़ने से रोकना होगा।

दरअसल उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के तत्वाधान में वन्य प्राणी सुरक्षा संरक्षण संवर्धन माह के अंतर्गत 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्य जीव संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है । उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के कोयबा सेंटर के अंतर्गत आज 33 स्कूलों के विभिन्न बच्चों को के द्वारा वन विभाग के द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण संवर्धन हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिसमें प्रमुख रूप से वन्य जीवों को लेकर प्रश्नोत्तरी वन्य जीवों के के आदत व्यवहार उनके संरक्षण संवर्धन हेतु क्या उपाय किए जा सकते हैं इस पर विस्तृत चर्चा की गई इस अवसर पर बच्चों के द्वारा वन्य जीवों को लेकर बनाई गई पेंटिंग रंगोली पोस्टर बैनर की प्रदर्शनी भी की गई साथ ही बीते एक सप्ताह से विभिन स्कूलों में आयोजित वन्य जोवों को लेकर की जा रही प्रतियोगिता में विजय बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के उपनिदेशक वरुण जैन ने बीते एक सप्ताह से कार्यक्रम को सफल बनाने लगातार प्रयासरत थे और आज उनका यह प्रयास व्यापक रूप से सफल होते भी नजर आया जहां बच्चों ने अनेक वन्य जीवों के सवाल पर समुचित एवं रोचक जवाब दिए यहाँ एक महत्वपूर्ण बात यह भी देखने को मिली कि बच्चों में वन्य जीवों के प्रति व्यापक उत्साह है वे वन्य जीवों के आदत व्यवहार उनके संबंध में जानने के लिए जागरूक नजर आये इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए डीएफओ वरुण जैन ने कहा निश्चित रूप से जंगल है तब तक आदिवासी सुरक्षित हैं। आज इन्हीं जंगलों के भरोसे आदिवासी अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहा है यहां के तेंदूपत्ता, चार महुआ के बदौलत हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत है वन्य जीव हमारे जीवन का हिस्सा है हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए बिना वन्य जीव के मानव की कल्पना करना जंगलों में संभव नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

हिंगलाजिन माता रानी के छत्र को आमंत्रित किया गया सिन्धु भवन में

जगदलपुर। सिद्ध शक्तिपीठ माता रानी हिंगलाज देवी मंदिर बेडागावँ से माता रानी का छत्र सिन्धु भवन में आमंत्रित किया गया है। जहाँ विधिवत पूजा पाठ किया जाता है। पूज्य सिन्धी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया हर वर्ष माता हिंगलाज देवी का छत्र सिन्धु भवन में आमंत्रित किया जाता है । यह पांचवा वर्ष है जिसमे 12 अक्टूबर शनिवार शाम 6 बजे माता रानी का छत्र पहुँच रहा है ।बेडागावँ हिंगलाजिन मन्दिर के पुजारी छत्र लेकर जब सिन्धु भवन पहुंचेंगें। वहीं सिन्धी समाज की कुलदेवी का पूज्य सिन्धी पंचायत सदस्यों द्वारा सिन्धु भवन के बाहर ही विधिवत पूजा की जाएगी। साथ ही आतिशबाजी एवं फूलों की वर्षा से स्वागत किया जाएगा। सिन्धु भवन में हिंगलाजिन माता रानी के भजन गाए जाएंगे, अरदास एवं पल्लव भी किया जाना है। सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं हिंगलाजिन माता रानी की फोटोफ्रेम भी दी जानी है।

वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

अभनपुर (भास्कर दूत)। छत्तीसगढ़ सर्व समाज नागरिक महासंघ के तत्वाधान में सर्व समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा प्रकाशित युग साहित्य एवं श्रीफल भेंट कर किया जा रहा है इसी तारतम्य में आज श्री संजय प्रकाश साव, ग्राम डोंगरी जिला जांजगीर चांपा पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं साहू समाज के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता का सम्मान नारायण प्रसाद पाली अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व समाज नागरिक महासंघ द्वारा किया गया।। संगठन द्वारा बुजुर्गों का सम्मान गोपालन संरक्षण, बच्चों को शिक्षा के लिए स्वास्थ्य के लिए स्वरोजगार हेतु युवाओं को प्रेरित करना जैसे रचनात्मक काम किया जाता है।।

ट्रक में कंटेनर के बीच छिपाकर ले जा रहे थे 80 लाख का गांजा, पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को धरदबोचा

जगदलपुर। जगदलपुर पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने ट्रक में दीप जलाने वाले तेल के बाटल के कार्टुनो के बीच करीब 804.805 किलो गांजा छिपाकर महाराष्ट्र ले जा रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को धरदबोचा है, आरोपियों से जब्त गांजे की कीमत 80 लाख 48,050 से ज्यादा बताई जा रही है। दरअसल, मुखबिर की सूचना पर टीम ने ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका के सामने एनएच 63 मेन रोड के पास नाकाबंदी की। इस दौरान जब ट्रक वहां से गुजरा तो टीम ने उसे रोककर तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए। ट्रक के डाले में दीप जलाने के तेल के कार्टुनो के बीच में 26 प्लास्टिक बोरियो में कुल 804.805 किलोग्राम छिपाकर रखा हुआ था, जिसे टीम ने बरामद किया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल लिया और ओडिशा से गांजा तस्करी कर जगदलपुर के रास्ते महाराष्ट्र लेकर जाने की बात कही। पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त ट्रक, दीप जलाने का तिल का तेल (105 कार्टून) और दो विवो कंपनी के मोबाइल फोन को भी जब्त किया है। इन सभी की कुल कीमत ?96,73,050 है। पूछताछ में आरोपियों में अपना नाम सुहाष कुमार क्षीरसागर (उम्र 24 साल) पिता कुमार क्षीरसागर और दूसरा सोमनाथ विजय चौरे (उम्र 26 साल) पिता विजय भगवत चौरे है. दोनों तस्कर महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) ii (ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

नशा एवं सायबर के संबंध में चलाया गया जागरूकता अभियान

भास्कर दूत

धमतरी। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में कल दिनांक 06/10/2024 को थाना प्रभारी मेचका एवं स्टॉफ द्वारा मेचका के साप्ताहिक बाजार में सायबर फ्रॉड एवं नशा मुक्ति अभियान के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। सायबर जागरूकता अभियान के तहत मेचका साप्ताहिक बाजार में आये ग्रामीण एवं युवाओं को सायबर फ्रॉड के संबंध में बताया गया,कैसे सायबर फ्रॉड से बचे अपने व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को मोबाइल से ना बतये अपने मोबाईल में आये ओटीपी किसी अनजान को ना दें इससे आपके बैंक में जमा पैसे सायबर फ्रॉड कर अपने में ट्रांसफर कर सकते हैं । धमतरी पुलिस ने लोगों को बताया सायबर फ्रॉड के अलग अलग तरीके के बारे में जानकारी दी गई,आप लोग जागरूक रहें सतर्क रहें।

नशामुक्ति अभियान के तहत-

थाना मेचका क्षेत्र के ग्राम मेचका में साप्ताहिक बाजार के दरमीयान विभिन्न गांव से आये लोगो को नशामुक्ति के संबध में जागरूकता अभियान चलाया गया।

ग्राम बाजार भ्रमण दौरान ग्राम मेचका के बाजार में बेनर के माध्यम से थाना मेचका पुलिस द्वारा बढते अपराध एवं शराब की लत छुडवाने के उद्देशय से बाजार आये।

ब्रह्माकुमारी संस्थान में शारदीय नवरात्रि पर दिखाई जा रही चैतन्य झांकी

भास्कर दूत

बालोद। शिवशक्ति का आध्यात्मिक अलौकिक रहस्य को दर्शाते हुए शारदीय नवरात्रि के पुनीत पावन अवसर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में चैतन्य देवियों का भव्य एवं मनोरम झांकी का आयोजन किया गया है। रविवार संध्या 7 बजे विशिष्ट जनों की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया।

ध्वनि एवं प्रकाश से सुसज्जित व मधुर संगीत के साथ चैतन्य देवियों की झांकी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। झांकी में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां उमा, मां काली व ब्रह्माकुमारी को दर्शाया गया है।

जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसमें प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, ब्रजेश पाण्डेय, टीकम पिपरिया, उत्तम साहू, किशोर साहू, दुर्गा शंकर साहू बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी, सरिता दीदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदीप चोपड़ा ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी मां दुर्गा की चैतन्य झांकी रखी गई है, हमें यहां आने से मन को सुकून और शांति मिलती है। ब्रजेश पाण्डे ने कहा कि हर साल ब्र.ई.वि. वि. में चैतन्य देवी की झांकी रखी जाती है हमें भी पूरे बालोद नगरवासियों को साक्षात् देवियों का दर्शन करने का शुभ अवसर मिलता है। टीकम पिपरिया ने कहा कि पिछले दो तीन साल से यहां बीच-बीच में आ रहा हूं और यहां आने से मुझे यहां का वातावरण अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि मै भी समय निकालकर राजयोग का अभ्यास जरूर करूंगा। इस तरह सभी ने शुभकामनाएं दी। नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि ये सभी ब्रह्माकुमारी बहनें आत्मा समझ की याद में बैठकर मनुष्यात्माओं के साथ-साथ प्रकृति के पांच तत्वों को शुभभावना, शुभकामना दे रहे है। उन्होंने कहा कि राजयोग के द्वारा हम अपनी एकाग्रता को बढ़ा सकते हैं। इस तरह यह चैतन्य झांकी 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक भक्तों के दर्शनार्थ रहेगी।

राजयोग शिविर 13 से

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान बालोद के प्रतिनिधियों ने बताया कि 13 अक्टूबर से राजयोग श्रृद्ध शिविर का आरंभ किया जाएगा। जिसका समय प्रात: 8 से 9 बजे तक, दोपहर 4 से 5 बजे एवं रात्रि 8 से 9 बजे तक रखा गया है। कोई भी एक समय पर अपनी सहभागिता प्रदान कर सकते हैं। राजीव को लेकर संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि इससे मां को शांति मिलती है उन्होंने अपील की कि जीवन के भागम भाग समय में से कुछ समय निकालकर शिविर में अवश्य पहुंचे।

दुर्गेश धाम देवी मंदिर

बेटी से प्रेम ऐसा की पिता ने बनवा दिया मंदिर, सैकड़ों की संख्या में आते हैं श्रद्धालु

भास्कर दूत

पिता मदन कोर्पे ने बेटी की समाधि खुद के खेत मे बनवा दी।

यह है मंदिर बनवाने की कहानी

तभी एक दिन अचानक पिता के सपने में उनकी बेटी आई और माता का मंदिर बनाने की प्रेरणा दे कर चली गई। फिर क्या था, पिता ने एक सुंदर मंदिर का निर्माण करवा दिया। जहां बेटी की मूर्ति समाधी के ऊपर विराजित की और देवी दुर्गा की मूर्ती भी स्थापित की और फिर इस मंदिर का नाम हो गया दुर्गेश धाम। तब से लेकर आज तक इस मंदिर में रोज सैकड़ों भक्त आते हैं। श्रद्धालुओं की पहली नजर उस बिटिया के मूर्ति पर पड़ती है, जो मंदिर में प्रवेश करते ही नजर आती है। लोग पहले बिटिया दुर्गेश को प्रणाम कर फिर देवी के दर्शन करते हैं। यहां हर नवरात्रि में मनोकामना ज्योति जलाई जाती है। इस बार भी प्रदेश के कोने- कोने से भक्तो ने यहां अपनी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की है।

दुर्गेश धाम में प्रज्वलित हैं 75 ज्योति कलश

इस नवरात्रि में दुर्गेश धाम में 75 ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए हैं। हर साल यहां नवरात्री में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। आने वाले 18 अक्टूबर को दुर्गेश का जन्मउत्सव भी हर साल की तरह इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा। एक पिता के लिए अपनी बेटी के लिए बनाया गया यह मंदिर अनेक लोगों को प्रेरणा दे रहा है।

जल जगार महोत्सव के सफल आयोजन पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जताया आभार

भास्कर दूत

धमतरी। जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य लेकर मनाए गए जल जगार महोत्सव के सफल आयोजन पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, केबिनेट मंत्री श्री केदार कश्यप, जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमार चौधरी, सांसद कांकेर श्री भोजराज नाग, विधायक कुरूद श्री अजय चन्द्राकर, विधायक धमतरी श्री ओंकार साहू, सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सभी सामाजिक संगठन और उनके पदाधिकारी, स्वैच्छिक संगठन, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी पत्रकार बंधु, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, सहयोगी संस्था के अलावा अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जल जगार महोत्सव में अपना योगदान देने वालां का आभार जताया है।

कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि यह जल जगार महोत्सव अंत नहीं है, हम सबको मिलकर आने वाले समय में लगातार जल एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने हेतु कार्य करते रहने की आवश्यकता है। आने वाले रबी के मौसम में उन्होंने धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसलों को अपनाने, 1500 स्क्वेयर फीट से अधिक क्षेत्र के मकानों और भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से बनाने सहित जल संरक्षित करने हेतु अधिक से अधिक संरचनाओं का निर्माण एवं नदी, तालाब आदि की सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

जिला जेल बलौदा बाजार में मिलने का नियम और सुविधा: जिला जेल प्रमुख अभिषेक कुमार मिश्रा से मिली जानकारी

भास्कर दूत

बलौदाबाजार। जिला जेल प्रमुख अभिषेक कुमार मिश्रा ने बताया कि जेल में बंदियों से मिलने का समय सुबह 8:30 से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि मिलने वाले परिजन अक्सर समय का सही उपयोग नहीं कर पाते हैं, जिससे 10:30 से 12:00 बजे के बीच अत्यधिक भीड़ हो जाती है। इससे सभी को मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अपील की कि परिजन समय का सही उपयोग करें, जिससे किसी को कोई परेशानी न हो।

मुलाकात के लिए खिड़की का स्थान विशेष रूप से चुना गया है, जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत है। इस खिड़की में कांच लगाया गया है ताकि कोई भी मुलाकाती सामान का आदान-प्रदान न कर सके। कांच की नियमित सफाई की जाती है और आगे भी इसका ध्यान रखा जाएगा ताकि चेहरा स्पष्ट दिखाई दे और परिजन संतोषपूर्वक बातचीत कर सकें।

जिला जेल प्रमुख ने बताया कि मुलाकात के दौरान धूप से बचने के लिए छांव की व्यवस्था करना संभव नहीं है क्योंकि सुरक्षा कारणों से बिल्डिंग की हाइट कम हो जाएगी, जिससे जेल की सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि किसी भी असुविधा के लिए जेल प्रशासन से सीधा संपर्क कर सकते हैं। जेल प्रमुख ने आश्वासन दिया कि सभी को सुविधा मिले, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय सीमा का पालन करने से मिलने वालों को कोई परेशानी नहीं होगी और सभी को लाभ मिलेगा।

पिछला प्रशासन का न्यूज़

जिला जेल बलौदा बाजार में मिलने वालों के लिए कोई सुविधा नहीं, मिलन हुआ सपना जिम्मेदार मौन छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले में हाल ही में हुए आगजनी कांड के सिलसिले में विशेष समुदाय के करीब 180 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। यह मामला अभी पुलिस प्रशासन और न्यायालय के बीच लंबित है। इस बीच, गिरफ्तार लोगों के रिश्तेदार और परिवार वाले जेल में उनसे मिलने के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें मिलने के दौरान कई असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

जेल में मिलने वालों के लिए एक मात्र व्यवस्था एक ढाई बाई तीन की खिड़की है, जिसमें तीन लैंडलाइन फोन लगे हैं। एक फोन से नंबर दर्ज किया जाता है और दो अन्य फोन से बातचीत होती है। इस दौरान, जेल के अंदर बैठे व्यक्ति की जाली इतनी छोटी है कि वह ठीक से दिखाई नहीं देता। इससे ऐसा लगता है जैसे किसी कॉन्फ्रेंस कॉल में बात हो रही हो, जहाँ आवाज़ तो आ रही है लेकिन व्यक्ति को देखा नहीं जा सकता। यह व्यवस्था परिवार वालों के लिए अत्यंत दुखद अनुभव है।

परिजनों ने जेल प्रशासन से मांग की है कि मिलने वालों के लिए स्पष्ट और सीधी बातचीत की व्यवस्था होनी चाहिए, जिसमें चेहरा साफ दिखाई दे। इसके अलावा, तेज धूप में छांव, पानी पीने की सुविधा, और बैठने की उचित व्यवस्था की भी मांग की गई है।

जेल में अन्य कई बंदियों के परिजनों को भी इसी तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बातचीत के लिए कोई स्पष्ट समय सीमा नहीं होने के कारण परिजन असमंजस में रहते हैं। ऐसे में समय सीमा निर्धारित होनी चाहिए, जिससे किसी को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके साथ ही, महिलाओं, पुरुषों, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। जल्द ही इस मुद्दे को प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, लेकिन वर्तमान में मिलने वाले लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह खबर प्रकाशित की जा रही है।

प्राथमिक शाला जाता में मैगा बैठक संपन्न

भास्कर दूत

साजा। ग्राम जाता के प्राथमिक शाला में गत दिवस शिक्षक-पालक मैगा बैठक आयोजित रहा । शाला प्रबंधन समिति के सुनील यादव एवं उपस्थित पालको के द्वारा माँ सरस्वती की छाया प्रति पर पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुवात की गई । सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधान पाठक मनोज सिंहा के द्वारा बैठक कि रुपरेखा पर संछिप्त विवरण देते हुए बताया गया की विद्यालय की प्रगति में विद्यार्थीयों के साथ साथ पालको की महती भूमिका होती है । विद्यालय के शिक्षक यशवंत शर्मा, पल्लवी वर्मा,मीना राजपूत, योगेश्वरी कश्यप द्वारा विद्यार्थीयों के तैमाशिक आकलन के परिणामो को पालको के साथ साझा किया । विद्यालीन गतिविधियों को और कैसे बेहतर बनाया जाय इस पर भी पालको ने अपने अपने विचार रखें ।जिसमे बच्चों के नियमित उपस्थिति , कौशल, ठहराव ,रचनात्मक कार्य, अनुशासन एवं सतत संपर्क आदि मुख्य पहलू शामिल थे । इस तारतम्य में शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान उल्लास के अंतर्गत नवसाक्षरो को भी आर्मंत्रित कर उन्हें भी पठन सामग्री वितरण किया गया । उक्त कार्यक्रम में निर्मला, इंदु तुलेश्वरी,ईश्वरी भूनेश्वरी नरसिंग दिनेश जगमोहन सेवती पूनम आदि पालकगण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

संपादकीय

कई बुजुर्ग अपने अपमान के विरुद्ध ख़ामोश रहते ही हैं

सभी वरिष्ठ नागरिकों शायद को %माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007' के कानून की जानकारी रखनी चाहिए ताकि अपने साथ हो रहे दुर्व्यवहार और अपमान के ख़िलाफ़ न्याय लेने के लिए कोर्ट भी जा सकते हैं। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007' के तहत ऐसे तमाम प्रावधान हैं जहां बुजुर्गों की सुरक्षा व देखभाल का ख़्याल रखा गया है।

आधी दुनिया पर विजय पाने वाला सिकंदर-ए-आज़म जब अपने देश वापिस लौट रहा था तो उसका स्वास्थ्य इतना बिगड़ा की वह मरणासन्न स्थिति में पहुँच गया। अपनी मृत्यु से पहले सिकंदर ने अपने सेनापतियों और सलाहकारों को बुलाया और कहा की मेरी मृत्यु के पश्चात् मेरी तीन इच्छाएँ पूरी की जाएँ। उन तीन इच्छाओं में से एक इच्छा थी। मेरी अर्थी में मेरे दोनों हाथ बाहर की ओर रखे जाएं ङ्क इससे लोग समझ सकें की जब मैं दुनिया से गया तो मेरे दोनों हाथ खाली थे। इंसान आता भी खाली हाथ है और जाता भी खाली हाथ है। परंतु इस बात को बिना समझे, हम हर पल अधिक से अधिक संपत्ति और धन अर्जित करने की दौड़ में लग जाते हैं।

आए दिन हमें यह देखने को मिलता है कि किसी बुजुर्ग को, पैसे और संपत्ति के लालच में उसी की संतान ने घर से बेघर कर दिया। ऐसा अक्सर उन परिस्थितियों में होता है जब बच्चों को सही संस्कार नहीं दिये जाते। ऐसा अक्सर तब भी होता है जब घर के बड़े-बुजुर्ग अपने मोह और स्नेह के चलते, अपने जीते-जी ही अपनी चल-अचल संपत्ति के सभी उत्तराधिकार अपने बच्चों को दे देते हैं। जो संतान संस्कारी होती है वे बिना किसी लोभ या स्वार्थ के, अंतिम समय तक अपने माता-पिता की सेवा करते हैं। परंतु ऐसी भी संतान होतीं हैं जिन्हें जैसे ही इस बात का पता चलता है कि माता-पिता ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना दिया है, वैसे ही उनका अपने माता-पिता के प्रति व्यवहार बदलने लगता है। परंतु सभी वरिष्ठ नागरिकों शायद इस बात की जानकारी नहीं है कि %माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007' के तहत वे अपने साथ हो रहे दुर्व्यवहार और अपमान के ख़िलाफ़ न्याय लेने के लिए कोर्ट भी जा सकते हैं।

माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरणपोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007, भारत सरकार का एक अधिनियम है जो वरिष्ठ नागरिकों और माता-पिता के भरण-पोषण और देखभाल के लिए कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है। इस अधिनियम के तहत, बच्चों और उत्तराधिकारियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण देना कानूनी दायित्व है। इस अधिनियम के तहत, राज्य सरकारों को हर ज़िले में वृद्धाश्रम स्थापित करने के प्रावधान भी हैं। अगर कोई वरिष्ठ नागरिक अपनी आय या संपत्ति से अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है, तो वह अपने बच्चों या रिश्तेदारों से भरण-पोषण के लिए आवेदन कर सकता है। अगर कोई व्यक्ति, किसी वरिष्ठ नागरिक की देखभाल या संरक्षण प्राप्त करने के बाद उसे उपेक्षित किसी जगह छोड़ देता है, तो उसे तीन महीने तक की जेल हो सकती है या पांच हज़ार रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। अगर किसी वरिष्ठ नागरिक के बच्चे नहीं हैं, तो वह भी मेंटेनेंस के लिए दावा कर सकता है। अगर किसी वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति का इस्तेमाल रिश्तेदार कर रहे हैं, तो सम्पत्ति का इस्तेमाल करने वाले या उसके वारिस पर बुजुर्ग की देखभाल के लिए दावा किया जा सकता है। इतना सब कुछ होते हुए भी हमें अक्सर यही सुनने को मिलता है कि बुजुर्गों को उन्हीं के खून द्वारा अपमानित व उपेक्षित किया जाता है। ऐसे में कई बुजुर्ग जिन्हें इस अधिनियम की जानकारी नहीं है वे तो अपने अपमान के विरुद्ध ख़ामोश रहते ही हैं। साथ ही ऐसे भी बुजुर्ग हैं जो समाज में अपनी व अपने बच्चों की मर्यादा और इज़्ज़त की ख़ातिर क़ानूनी सलाह या कार्यवाही नहीं करते। बीते दिनों दिल्ली से सटे नोएडा की एक खबर आई जहां 85 वर्ष के एक वरिष्ठ पत्रकार को अपने ही घर से बेघर होने की स्थित का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक-एक पाई जोड़ कर सन् 2000 में एक फ्लैट ख़रीदा। 205 में जब उनकी इकलौती बेटी शादी विफल हुई तो वो अपने पुत्र के साथ अपने पिता के घर में रहने लगी। कई वर्षों तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। 2022 में अपनी पुत्री के प्रति स्नेह के चलते उन्होंने अपने फ्लैट को एक %गिफ्ट डीड' के ज़रिये अपनी बेटी के नाम कर दिया। इस %गिफ्ट डीड' होने के कुछ ही महीनों के बाद उनकी बेटी का अपने पिता के प्रति रवैया बदलने लगा। पहले बुरा बर्ताव, फिर मार-पीट और उसके बाद उन्हें कई बार घर से भी निकाला गया।

नौ माताओं का पुण्यस्मरण

महिषासुरमर्दिनी मां दुर्गा की अलौकिक शक्ति और रूप

मा ता जी की कृपा हम सब पर बनी रहे। मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा पूरे देश में दस दिन तक धूमधाम से की जाती है। यह नवरात्र का त्यौहार वर्ष में दो बार आता है। प्रथम चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में, जिसे वासन्तिक नवरात्र का पवित्र नाम दिया गया है, अब द्वितीय आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में, जिसे शारदीय नवरात्र कहा जाता है, इस पर्व पर मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित करने के साथ यह पवित्र पर्व पर अधिकांश जनमानस उपवास या व्रत शुरु कर माता का पवित्र स्मरण कर वैश्विक जन् की मंगल कामनाओं के साथ शुरू करते हैं।

भारतीय समाज और विशेषकर हिन्दू समुदाय में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्ति यों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 2 अप्रैल से हो रही है। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्ति यों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

इस शारदीय नवरात्रि और दुर्गा पूजा का संबंध धार्मिक ग्रंथों में पौराणिक कथा का उल्लेख है। इस कथा के अनुसार एक समय देवताओं के राजा इंद्र एवं राक्षसों के राजा महिषासुर के बीच भयंकर युद्ध छिड़ गया था, युद्ध में देवराज इंद्र की पराजय हुई थी, तब मां दुर्गा ने 9 दिन तक लगातार महिषासुर के साथ युद्ध कर दसवे दिन उसे पराजित कर उसका वध किया था। दुर्गा मां का तबसे महिषासुरमर्दिनी भी सम्मान पूर्वक नाम दिया गया था। यह त्यौहार पूरे देश में पूरी श्रद्धा और लगन से तो बनाए ही जाता है पर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में बड़े ही हर्ष, उल्लास ,उत्साह एवं निष्ठा के साथ धूमधाम से मनाया जाता है। बंगाल में षष्ठी के दिन प्राण प्रतिष्ठा के इस विधि विधान को बोधन अर्थात शुभारंभ कहा जाता है। इसी दिन माता के मुख से आवरण हटाया जाता है। पूरे हिंदुस्तान के लोग इस नवरात्रि में व्रत उपवास रहकर मां दुर्गा की उपासना में रत रहते हैं। गुजरात में मैं शारदीय नवरात्र के दौरान डांडिया तथा गरबा की धूम रहती है। नवयुवक तथा नवयुवतियां अपने साथियों के साथ गरबा खेलते हैं। इस दौरान व्रत रखा जाता है, देवी की 9 दिनों अखंड ज्योत जलाई जाती है और प्रतिदिन हवन कुंड में यज्ञ किया जाता है। इस तरह शारदीय नवरात्रि का त्यौहार बड़े ही पवित्र तरीके से एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है मां दुर्गा सबकी मनोकामना भी पूर्ण करती हैं ऐसी आस्था एवं विश्वास आमजन के दिलों में समाया हुआ है। दुर्गा पूजा पूरे 9 दिन तक अनवरत चलती है 9 दिन के पश्चात दशमी के दिन शाम को उनकी प्रतिमा का विसर्जन भी किया जाता है और इस दशमी को विजयादशमी के त्यौहार के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। विजया या दशहरा बनाने के पीछे भी एक पौराणिक कथा है। भगवान राम ने रावण पर विजय पाने के लिए मां दुर्गा की पूजा और व्रत किया था इसीलिए इस दिन को शक्ति पूजा के रूप में मनाते हैं। एवं अस्त्र शस्त्र की पूजा भी की जाती है। अंतत: भगवान राम ने मां दुर्गा के अखंड आशीर्वाद से रावण का वध कर विजय पाई थी। और तब से दसवीं यानी दुर्गा पूजा के दसवें दिन दशहरा के रूप में मनाने के पीछे श्री रामचंद्र जी की दुर्गा के प्रति अखंड आस्था विश्वास एवं श्रद्धा का प्रतीक मानकर दशहरे के दिन रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले जलाए जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू शहर दशहरे का मेला बहुत ज्यादा प्रसिद्ध एवं विख्यात है। यह मेला कई दिनों तक मनाया जाता है। मां दुर्गा का शारदीय नवरात्रि एवं विजयादशमी का त्यौहार अनीति, अत्याचार, तामसिक प्रवृत्तियों का नाश एवं बुराई के अंत का बहुत ही पवित्र प्रतीक है। नवरात्रि तथा विजयादशमी का त्यौहार मां दुर्गा सिंह वाहिनी की असीम शक्ति, अनंत पराक्रम की पवित्रता एवं रामचंद्र जी की भक्ति, शक्ति एवं आदर्शों का आभास कराने वाला बहुत ही पवित्र त्यौहार है। नवरात्रि में दुर्गा के अलग-अलग रूपों की प्रतिदिन पूरी श्रद्धा के साथ पूजा एवं ज्योत जलाकर हवन किया जाता है। मां दुर्गा के नौ रूप प्रथम शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चंद्रघंटा,चतुर्थ कुष्मांडा, पंचम कात्यायनी, षष्ठम कालरात्रि, अष्टम महागौरी, नवम सिद्धिदात्री माने जाते हैं। हर दिन इन सब की अलग अलग अनंत श्रद्धा,भक्ति तथा विश्वास के साथ पूजा की जाती है। आप सभी को पवित्र नवरात्रि पर्व की अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं।

संजीव ठाकुर,
स्तंभकार, चिंतक, लेखक,
रायपुर छत्तीसगढ़,

वर्गीय एकता टूटने की चिंता अनुचित, 12 राज्यों में पहले से लागू ये प्रक्रिया

सु प्रीम कोर्ट ने कोटे में कोटा यानी आरक्षण के भीतर आरक्षण की इजाजत देने वाले फैसले पर एक बार फिर अपनी मुहर लगा दी है। कोर्ट ने एससी-एसटी के उपवर्गीकरण की अनुमति देने वाले अपने फैसले के विरुद्ध दाखिल दो दर्जन से अधिक पुनर्विचार याचिकाएं खारिज कर दी हैं। कोर्ट ने कहा है कि फैसले में ऐसी कोई खामी नहीं है, जिसके लिए फैसले पर पुनर्विचार करने की जरूरत हो। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय पीठ ने गत एक अगस्त को 6-1 के बहुमत से दिए फैसले में कहा था कि एससी-एसटी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए राज्य एससी-एसटी वर्ग में उपवर्गीकरण कर सकते हैं, ताकि सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थानों में कुछ पिछड़े एवं एससी, एसटी समूहों के लिए दूसरों की तुलना में ज्यादा आरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर कई राजनीतिक दल अब भी एक मत नहीं हो पा रहे हैं। उन्हें लगता है कि इससे वर्गीय एकता को खतरा है जिससे आरक्षण व्यवस्था कमजोर हो जाएगी। देखा जाए तो वर्गीय एकता टूटने की उनकी चिंता वास्तविकता को संदर्भित नहीं करती है। यदि उपवर्गीकरण से वर्गीय एकता और चेतना को खतरा होता तो जिन बारह राज्यों में आरक्षण के उपवर्गीकरण की प्रक्रिया पहले से लागू है, उनमें अब तक वर्गीय विभाजन दिखाई देता, जबकि आरक्षण के उपवर्गीकरण से उन बारह राज्यों में वर्गीय एकता मजबूत हुई है, न कि कमजोर हुई है। वर्गीकरण करने वाले प्रदेशों में उत्तर भारत और दक्षिण भारत के दोनों राज्य शामिल हैं। उत्तर भारत में प्रमुखता से बिहार शामिल है जिसमें सबसे पहले कर्पूरी ठाकुर ने वर्ष 1978 में उपवर्गीकरण के सिद्धांत को प्रतिपादित किया, वहीं उसी के सशक्तीकरण की प्रक्रिया को नीतीश कुमार ने जमीन पर पहुंचाने में सफलता प्राप्त की। दक्षिण भारत में तमिलनाडु ने उपवर्गीकरण के सिद्धांत को बेहतरी से लागू करने का काम किया। इन दोनों राज्यों ने वंचितों को समान भागीदारी देने के मामले में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसलिए एकता टूटने और आरक्षण प्रक्रिया को कमजोर करने वाले तर्क वास्तविकता से परे प्रतीत होते हैं।भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों ने जाति संरचना की जड़ों को कमजोर करने एवं वंचित तबकों की भागीदारी के लिए आरक्षण जैसी व्यवस्था को अंतिम जन तक पहुंचाने के लिए उपवर्गीकरण की व्यवस्था लागू करने के कदम उठाए।

- केसी त्यागी

अपना घर देखे अमेरिका, धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत को उपदेश ना दें

अ मेरिकी संस्था 'यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन फार इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम' की हाल में एक रिपोर्ट आई है। इसमें भारत की धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति की आलोचना की गई है। रिपोर्ट में नफरती भाषणों, तथ्यहीन सूचनाओं और सरकारी अधिकारियों पर धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ उकसाने का उल्लेख है। संस्था ने मनगढ़ंत तरीके से भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति को खराब बताया है। भारत ने उचित ही अमेरिकी रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया में कहा है कि 'पक्षपातपूर्ण राजनीतिक एजेंडा चलाने के बजाय इस संगठन को मानवाधिकार के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।'

अनुच्छेद-19 के अंतर्गत भारत में विचार प्रकट करने की आजादी है। इसी तरह धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार भी अनुच्छेद 25-28 में है, लेकिन अमेरिकी संस्था ने इन तथ्यों पर विचार नहीं किया। भारतीय संविधान में अल्पसंख्यकों के हित सुनिश्चित हैं और वे सभी क्षेत्रों में प्रतिष्ठित हैं। वे राष्ट्रपति जैसे शीर्ष पदों पर रह चुके हैं। रिपोर्ट में भारत के कुछ कानूनों को धार्मिक भेदभाव बढ़ाने वाला बताया गया है। मतांतरण, हिजाब, गोहत्या और नागरिकता संबंधी कानूनों को अल्पसंख्यकों पर प्रतिकूल प्रभावकारी बताया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्वाभाविक रूप से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर हम भी कुछ बोलें तो बुरा मत मानना। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी संस्था घटनाओं को तोड़-मरोड़ कर पेश करती है। उसे ऐसा एजेंडा चलाने के बजाय अमेरिकी मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर भारतीय समाज को बदनाम करना ही उनका लक्ष्य है। भारत एक संप्रभु राष्ट्र है। परस्पर संप्रभुता का सम्मान सभी राष्ट्रों का कर्तव्य है। धार्मिक स्वतंत्रता पर 2004 में जारी एक रिपोर्ट में भी ऐसा ही कहा गया था। इस प्रकरण के मूल में अमेरिकी समाज की विश्व पर राज करने की महत्वाकांक्षा है। ऐसी अनेक संस्थाएं अमेरिका में हैं और जर्मनी में भी। यूके में भी रिलीजियस पर्सिक्यूशन एंड वर्ल्ड वाच रिपोर्ट नाम से ही ऐसी रिपोर्ट तैयार होती है। उसके लिए हाउस आफ कामंस से निर्देश भी मिलते हैं। भारत के कथित 'माब लिंचिंग' की चर्चा भी अमेरिकी संस्था की हालिया रिपोर्ट में है जबकि हिंसक भीड़ की ऐसी घटनाएं अमेरिका में भी घटित होती हैं। कुछ समय पहले ही एक श्वेत पुलिस अधिकारी डेरेक चौविन ने अश्वेत जार्ज फ्लायड की निर्मम हत्या कर दी थी। उसके परिणामस्वरूप श्वेत-अश्वेत के बीच दंगे भड़के थे। 'ब्लैक लाइव्स मैटर्स' नाम का अभियान चला था। काले-गोरे के भेद हिंसा तक जाते हैं। इतिहास साक्षी है कि अमेरिकी समाज में अश्वेतों को घर छोड़ने को मजबूर किया गया था। आस्ट्रेलिया, अमेरिका और कनाडा में एशियाई मूल के लोगों के साथ नस्ली भेदभाव की शिकायतें अक्सर आती रहती हैं। अमेरिका अपने देश में व्याप्त हिंसा की चिंता नहीं करता। लोग सरेआम गोलियां चलाते हैं। आर्म लाइसेंस की कोई व्यवस्था नहीं है।

अमेरिकी समाज में किशोरों को भी अपराध में लिप्त देखा जाता है। तब किसे दोष दें? अमेरिकी समाज में परिवार के मुखिया सामान्य तौर पर बच्चों को समय नहीं देते। आत्मनिर्भर होते ही बच्चे और संरक्षक अलग-अलग रहते हैं।

- हृदयनारायण दीक्षित।

राशिफल

मेष
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा।

वृषभ
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे।

मिथुन
आज को दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

कर्क
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास बढ़ेगी। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते।

सिंह
आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्तें के बारे में घरवालों को बताएंगे, घरवाले इस पर विचार भी करेंगे। इस राशि के केमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

कन्या
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम असान हो जायेंगा। आपका कोई पुराना दोस्त आपको फोन कर के आपको सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे।

तुला
आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। आप घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। आज आपकी तरकी के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है।

वृश्चिक
आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जायेंगे।

धनु
आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी यैसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया केस हाथ लगेगा।

मकर
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के क़ानूनी मामलों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा न करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

कुंभ
आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी।

मीन
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है।

गहरा राज़

देखो राज़ है यह बहुत ही गहरा,
किसके सिर बंधे जीत का सेहरा!
अभी तो है प्रशासन का भी पहरा।
क्या? बीजेपी के प्रति भारी गुस्सा है,
इसके पीछे भी रणदीप और हुड्डा है?
सुना है कांग्रेस के प्रति एक लहर है,
क्या? मान ले सैनी इससे बेखबर है?
दलित समाज कांग्रेस से नाराज़ है,
देखो भाई यह भी एक गहरा राज़ है?
हाँ, अभी तो दो दिन का और पॉज़ है।
अभी सिर्फ लगाए जा रहे हैं कयास,
दीपेंद्र हुड्डा ने किए हैं बहुत प्रयास।
ज्योतिषी कहे त्रिशंकु की संभावना है,
मिल-बाँटकर सत्ता पाने की भावना है।
अब तो हारने का सपना भी डरावना है,
क्योंकि वह चार दिन का ही पाहुना है?
रिजल्ट की राह देख रहे उम्मीदवार।
यह जनता ना कर दे कोई पलटवार।

संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इंदौर (मध्यप्रदेश)

//आत्मलीन//

जीविका मनुष्य की स्रदैव सत्य राह हो।
द्वेष त्याग कर्म भाव चित्त में अथाह हो।।
व्यक्ति का कहा-सुना विचार में न ध्यान दे।
नित्य कर्म धर्म में निमग्नता समान दे।।
गोल घूमती धरा टिकी हुई जहाँ धुरी।
देखते स्रदैव ईश भावना भली बुरी।।
हे मनुष्य चेतना असीम शक्तिमान हो।
विश्व के विकास में नवीन शोध ज्ञान हो।।
स्वार्थ के जहान में रहे नहीं सगे कभी।
क्रोध रोम में भरे लहू धरा लगे कभी।।
लक्ष्यहीन ये मनुष्य छद्म झूठ को चुने।
जिंदगी तलावयुक्त पीर जाल सा बुने।।
हे मनुष्य एक एक श्वांस भी अमूल्य है।
नित्य योग साधना समग्र शांति तुल्य है।।
जन्मभूमि भारती स्रदैव कीर्ति नाम हो।
जीविका मिले जहाँ सनेह प्राप्त दाम हो।।

प्रिया देवांगन 'प्रियू'
राजिम
जिला - गरियाबंद
छत्तीसगढ़

शब्द सामर्थ्य- 396

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य – 395

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

सू-दोकू क्र. 396

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 395 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शेयर बाजार तेजी के साथ खुला, ऑटो और आईटी शेयरों में बढ़त

मुंबई *। भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में खुला। बाजार के मुख्य सूचकांकों में तेजी बनी हुई है। सुबह 9.33 बजे सेंसेक्स 193 अंक या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,882 और निफ्टी 47 अंक या 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,060 पर था। बाजार का रुझान मिलाजुला बना हुआ है। 1,126 शेयर हरे निशान में और 1,296 शेयर लाल निशान में बने हुए थे।*

ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया और प्राइवेट बैंक इंडेक्स हरे निशान में बने हुए हैं। एनर्जी, कमोडिटी और पीएसई लाल निशान में बने हुए हैं।

सेंसेक्स पैक में आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, विप्रो, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और एसबीआई टॉप गेनर्स थे। टाइटन, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, एचयूएल, सन फार्मा, एलएंडटी और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे। छोटे और मझोले शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 113 अंक या 0.19 प्रतिशत फिसलकर 58,374 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 60 अंक या 0.32 प्रतिशत फिसलकर 18,702 पर था। वैश्विक बाजारों में तेजी देखने को मिल रही है। टोक्यो, हांगकांग, बैंकॉक, सोल और जकार्ता के बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को हरे निशान में बंद हुए थे।

बाजार के जानकारों का कहना है कि मध्य पूर्व में संघर्ष बढ़ने के बाद भी वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार मजबूत बने हुए हैं। अमेरिका में सितंबर में गैर-कृषि जॉब नंबर 2.54 लाख आया है जिसके कारण अमेरिकी शेयर बाजार सकारात्मक बंद हुए थे। निवेशकों को लंबी अवधि के नजरिए से बाजार में निवेशित रहना चाहिए।

2,000 करोड़ रुपये के वजीरएक्स हैक की सरकार ने शुरू की जांच

नई दिल्ली । क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वजीरएक्स पर जुलाई में हुए साइबर हमले की जांच देश की शीर्ष सरकारी एजेंसियां कर रही हैं। इस साइबर हमले में वजीरएक्स को 2,000 करोड़ रुपये (234 मिलियन डॉलर) का नुकसान हुआ था और अब बड़ी संख्या में इसमें पैसे गंवा चुके लोग अपने रिफंड की मांग कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फाइनेंसियल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू) और इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इन) के अधिकारियों ने वजीरएक्स की शीर्ष लीडरशीप से मुलाकात की और क्रिप्टो टोकन की हैकिंग के बारे में पूछताछ की।

सूत्रों के मुताबिक, क्रिप्टो एक्सचेंज ने सरकारी एजेंसियों की ओर से मांगी गई जानकारी उपलब्ध करा दी है और अब दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

इससे पहले देश में कई कानूनी जानकारों की ओर से वजीरएक्स में हुए इस साइबर क्राइम की जांच करने की बात कही गई थी।

वजीरएक्स द्वारा यह स्वीकारा जा चुका है कि उसके 43 प्रतिशत यूजर्स को इससे नुकसान उठाना पड़ सकता है और इसमें से ज्यादातर भारतीय हैं।

पिछले हफ्ते आई कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि एक यूट्यूब लाइव टाउन हॉल सेशन में मैनेजमेंट ने दावा किया था कि क्रिप्टो से हुए 100 प्रतिशत मुनाफे को भविष्य में यूजर्स के साथ शेयर किया जाएगा। हालांकि, इस वीडियो को हटा लिया गया। टाउन हॉल सत्र में, वजीरएक्स के सह-संस्थापक निश्चल शेट्टी और हैक के बाद वजीरएक्स के पुनर्गठन को संभालने वाली क्रॉल कानूनी फर्म के निदेशक जॉर्ज ग्वी ने प्रभावित यूजर्स के सवालों के जवाब दिए। क्रिप्टो टाइम्स के मुताबिक, ग्वी ने वीडियो में कहा कि पुनर्गठन की प्रक्रिया के दौरान क्रिप्टो की कीमतों मां बढ़ोतरी के कारण हुए मुनाफे को 100 प्रतिशत साझा किया जाएगा। हालांकि, बाद में वजीरएक्स ने वीडियो को प्राइवेट कर दिया।

हरियाणा चुनाव परिणाम आज

बदलेगी दिल्ली की सियासत तेज

राजीव दुबे ब्यूरो दिल्ली
भास्कर दूत

दिल्ली विधान सभा को लेकर भले ही चार महीने ही बचे है पर दिल्ली की सियासत में हरचल हर रोज तेज होती जा रही है ।बताते चले कि 8 अक्टूबर को हरियाणा विधान सभा चुनाव के परिणाम घोषित होने है ।इस लिहाज से दिल्ली के विधान सभा चुनाव को लेकर सियासत तेज है क्योंकि हरियाणा दिल्ली से सटा राज्य हैं ।चुनावी सर्वेक्षण में कांग्रेस की सरकार बन सकती हैं ।इस लिहाज से दिल्ली में कांग्रेस गदगद है ।

सियासत के जानकारों ने भास्कर दूत संवाददाता को बताया कि इस बार 2025 में होने जा रहे दिल्ली विधानसभा के चुनाव एक नये अंदाज में होगे।दिल्ली में एक तरफा चुनाव होने की संभावना कम ही है ।दिल्ली विधनसभा के पूर्व उपाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमरीश गौतम का कहना है कि दिल्ली में कांग्रेस की वपिसी होने जा रही हैं ।क्योंकि दिल्ली की जनता जान गई है कि दिल्ली में विकास कांग्रेस ही कर सकती है ।दिल्ली चारों ओर बदहाल है ।आप पार्टी को जनता इस बार नकार देंगी।

दिल्ली की सियासत के जानकर बी वी त्रिपाठी का कहना है कि आप पार्टी और कांग्रेस पार्टी का हरियाणा में गठबंधन न हो पाने से भाजपा समझ गई है कि जो लोकसभा 2024 चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन बना था उसको पलीता लग चुका है ।इस लिहाज से इस बार चुनाव में भाजपा, कांग्रेस और आप पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है ।

आप पार्टी के नेता सचिन सिन्ह का कहना है कि इस बार फिर से केजरीवाल की सरकार बनेगी ।क्योंकि दिल्ली वाले जान चुके हैं कि आप पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को केन्द्र सरकार ने फंसाया है ।जिसका बदला दिल्ली की जनता दिल्ली विधान सभा के चुनाव में वोट की चोट से लेगी।

भाजपा के नेता राजकुमार सिंह ने बताया कि 2024 के लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस और आप पार्टी के बेमेल गठबंधन को बुरी तरह से नकार दिया है ।सो जनता मन बना चुकी है कि अब की बार दिल्ली में भाजपा सरकार ही बनेगी।

बताते चले कि मौजूदा समय में दिल्ली की सियासत में जोड़ तोड़ की राजनीति चल रही है ।सो जो दुसरे दल से जीतने वाले ही नेता क्यों ना हो उनको अपनी अपनी पार्टी में जोडने का प्रयास किया जा रहा है ।सत्रों का कहना है कि इस बार दिल्ली विधान चुनाव जीतने के आप पार्टी,भाजपा और कांग्रेस जिताऊ प्रत्याशी की खोज में लगे हैं ।

फिलहाल दिल्ली की राजनीति में नये समीकरण तो 8 अक्टूबर को हरियाणा के चुनाव परिणाम के बाद ही सामने आएंगे।

कंगना रनौत तनु वेड्स मनु 3 में निभाएंगी 3 अलग-अलग किरदार, सामने आईं ये दिलचस्प जानकारियां

कंगना रनौत जल्द ही कई फिल्मों में नजर आएंगी। तनु वेड्स मनु रिटर्न्स भी उनकी आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है।इसके सीक्वल को लेकर लंबे समय से खबरें आ रही हैं। यहां तक कि खुद निर्देशक आनंद एल राय सीक्वल से जुड़ीं कई जानकारियां साझा कर चुके हैं, लेकिन अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक इसे लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ जाएगा।दरअसल, तनु वेड्स मनु 3 में कंगना 3 अलग-अलग भूमिकाओं में नजर आएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, तीसरे भाग की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां दूसरा भाग खत्म हुआ था। एक बार फिर कंगना संग आर माधवन की जोड़ी देखने को मिलेगी।फिल्म में खूब रोमांस और ड्रामा होगा। सबसे दिलचस्प बात यह है कि कंगना इस फिल्म में पहली बार ट्रिपल रोल करने जा रही हैं।उनके एक्टिंग करियर में यह पहला मौका होगा, जब वह फिल्म में 3 अलग-अलग किरदार निभाएंगी। इसे लेकर कंगना बेहद उत्साहित और रोमांचित हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग अगले साल जुलाई या अगस्त में शुरू होगी। इससे पहले राय अभिनेता धनुष और कृति सैनन के साथ फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग पूरी करेंगे, वहीं इसी बीच कंगना की फिल्म इमरजेंसी पर्दे पर आएगी।बताया जा रहा है कि तनु वेड्स मनु 3 साल 2026 में पर्दे पर आएगी।तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में कंगना ने डबल रोल किया था और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी थी। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म तनु वेड्स मनु में कंगना, माधवन, जिमी शेरगिल, दीपक डोबरियाल, एजाज खान और स्वरा भास्कर भी थीं।

आलिया भट्ट की स्पाई थ्रिलर अल्फा की रिलीज डेट हुई अनाउंस

अगले साल क्रिसमस पर सिनेमाघरों में देगी दस्तक

यशराज के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा की रिलीज डेट सामने आ गई है. आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर फिल्म अल्फा के लिए दर्शकों लंबा इंतजार करना पड़ेगा. हाल ही में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ ने कश्मीर में फिल्म का 10 दिनों का एक शेड्यूल पूरा किया था. वहीं, फिल्म के अगले शेड्यूल से पहले मेकर्स ने अल्फा की रिलीज डेट का एलान कर दिया है. यशराज बैनर ने सोशल मीडिया पर फिल्म से एक पोस्टर जारी किया है. इस पर फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा हो रहा है. आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की फिल्म अल्फा 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होने जा रही है. पहले इस तारीख को आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल स्टारर फिल्म लव एंड वॉर रिलीज होने वाली थी. लेकिन लव एंड वॉर की हाल ही में इसके डायरेक्टर संजय लीला भंसाली ने रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी दी थी।

देवरा धीमी रफ्तार से बढ़ रही आगे, 8वें दिन बस इतनी कमाई कर पाई फिल्म

साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा इन दिनों सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। फिल्म ने भले ही अपनी आधी से ज्यादा लागत वसूल कर ली है, लेकिन इसकी कमाई में पहने दिन से ही उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।अब फिल्म अपने दूसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुकी है और अपनी रिलीज के 8वें दिन फिल्म में अब तक की सबसे कक कमाई की है।आइए जानें फिल्म का अब तक का कुल कारोबार। रिपोर्ट के मुताबिक देवरा पार्ट 1 ने रिलीज के दूसरे शुक्रवार यानी 8वें दिन 6.25 करोड़ की कमाई की है। इसी के साथ देवरा पार्ट 1 का आठ दिनों का कुल कलेक्शन अब 221.85 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म ने अच्छी कमाई तो कर ली है और ये साल की चौथी सबसे ज्यादा कारोबार करने वाली फिल्म भी बन गई है लेकिन ये बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रही है। फिल्म के भारत में अब तक के कारोबार की बात करें तो देवरा पार्ट 1 ने रिलीज के पहले दिन 82.5 करोड़ का कलेक्शन किया था।दूसरे दिन फिल्म ने 38.2 करोड़, तीसरे दिन 39.9 करोड़, चौथे दिन 12.75 करोड़, पांचवें दिन 14 करोड़, छठे दिन 21 करोड़ और सातवें दिन 7.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

इसी के साथ देवरा पार्ट 1 की पहले हफ्ते की कुल कमाई 215.6 करोड़ रुपये हो गई थी। देवरा का निर्देशन कोराताला शिवा ने किया है। इस फिल्म में एनटीआर डबल रोल में नजर आ रहे हैं। उन्होंने फिल्म में पिता वरधा और बेटे देवरा का किरदार निभाया है। देवरा के जरिए जाह्नवी कपूर ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखा है।

खेल

विमेंस टी-20 वर्ल्डकप, भारत ने पाकिस्तान को हराया

कप्तान हरमनप्रीत कौर 29 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुईं, अरुंधति रेड्डी ने 3 विकेट लिए

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। रविवार को दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 105 रन बनाए। जवाब में भारत ने 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत की विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर 8 मैचों में छठी जीत है। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर 29 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुईं। शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। अरुंधति रेड्डी ने 3 विकेट झटके। अरुंधति को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले, पाकिस्तान से निदा डार ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। मुनिबा अली ने 17, अरूब शाह ने 14 और फातिम सना ने 13 रन की पारी खेली। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सकीं। भारत से अरुंधति रेड्डी ने 3 और श्रेयांका पाटिल ने 2 विकेट लिए। 1-1 सफलता दीप्ति शर्मा, आशा शोभना और रेणुका सिंह को मिली।

जीत के बाद भारत चौथे नंबर पर पहुंचा

पाकिस्तान के खिलाफ जीत के बाद भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर पहुंच गई है। टीम के दो मैचों में 1 जीत और 1 हार के बाद 2 अंक हैं। भारत के अभी दो मैच बाकी हैं।

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। 18वें ओवर की 5वीं बॉल पर सजना सजीवन ने निदा डार की बॉल पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी।

फातिमा ने ऋचा को आउट किया

भारत का चौथा विकेट ऋचा घोष 16वें ओवर में गिरा। उन्हें फातिमा सना ने मुनिबा अली के हाथों कैच कराया। ऋचा खाता भी नहीं खेल सकीं। भारत का तीसरा विकेट 16वें ओवर में गिरा। ओवर की दूसरी बॉल पर फातिमा सना ने जेमिमा रोड्रिग्ज को आउट कर दिया। रोड्रिग्ज ने 28 बॉल पर 23 रन बनाए।

शेफाली 32 रन बनाकर आउट

शेफाली वर्मा 12वें ओवर में कैच आउट हुईं, उन्हें ओमाइमा सोहैल ने लन्ग ऑन पर कैच कराया। शेफाली ने 35 बॉल पर 32 रन बनाए।

स्मृति मंधाना पवेलियन लौटीं, भारत का पहला विकेट गिरा

भारत का पहला विकेट 18 रन पर गिरा। स्मृति मंधाना आउट होकर पवेलियन लौट गई हैं। उन्हें सादिया इकबाल ने तुबा हसन के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेजा। मंधाना ने 16 गेंद का सामना कर 7 रन बनाए।

पहले ही ओवर में शेफाली वर्मा छक्रस से एलबीडब्ल्यू आउट होने से बची। दरअसल, भारतीय पारी के दौरान पाकिस्तान की ओर से पहला ओवर फातिमा सना कर रही थी। ओवर की पांचवीं गेंद को शेफाली समझ नहीं पाई और गेंद उनके पैड पर लगी। फील्ड अंपायर ने आउट करार दिया। जिसके बाद शेफाली वर्मा ने रिव्यू लिया।

एक नजर

डब्ल्यूटीटी चाइना स्मैश- चीनी पैडलर्स ने पुरुष और महिला युगल ट्रॉफी जीती

बीजिंग (चीन) । चीन के वांग चुकिन और लियांग जिंगकुन ने शनिवार को यहां विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) चाइना स्मैश में पुरुष युगल खिताब जीतने के लिए टीम के साथी लिन शिडोंग और लिन गाओयुआन के खिलाफ पांच गेमों में जीत हासिल की। इस बीच, चेन ज़िंगटोंग और कियान तियानयी ने सभी चीनी महिलाओं के युगल फाइनल में चार गेमों में सन यिंगशा और वांग यिदी को हराया। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी वांग/लियांग ने 8-11, 4-11, 11-6, 11-8, 11-9 के स्कोर के साथ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष किया। लियांग ने जीत के बाद कहा, हमने युगल खिताब के लिए लंबे समय तक इंतजार किया और दो गेम से पिछड़ने के बाद भी हार नहीं मानी। मैच के बाद 24 वर्षीय वांग ने कहा, यह डब्ल्यूटीटी इवेंट में लियांग के साथ जोड़ी बनाकर मेरी पहली डबल्स ट्रॉफी है। हमने स्थिति को बदलने के लिए कौशल और रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, महिला डबल्स फाइनल में चेन/कियान ने सन/वांग को 12-10, 12-10, 3-11, 11-7 से हराकर अपनी जीत पक्की की। सिंगल सेमीफाइनल बेस्ट-ऑफ-सेवन प्रारूप में खेले गए और चीन ने पहले ही पुरुष और महिला दोनों सिंगल्स खिताब पर कब्ज़ा सुनिश्चित कर लिया है।

मेदवेदेव ने शंघाई में अर्नाल्डी को हराया, बारिश के कारण युगल मैच रद्द

शंघाई । दानिल मेदवेदेव ने रविवार को एटीपी शंघाई मास्टर्स 1000 इवेंट में मातयो अर्नाल्डी को 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई।

मेदवेदेव शंघाई में अगले दौर में 10वीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास या एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे, जहां वह मई 2023 में रोम में जीत के बाद अपने पहले टूर-स्तरीय खिताब की तलाश में हैं।

28 वर्षीय रूसी खिलाड़ी चीन में एटीपी फाइनल्स क्वालीफिकेशन की दिशा में और कदम बढ़ाना चाहते हैं। वह वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में चौथे स्थान पर हैं और लगातार छठे साल प्रतिष्ठित सीज़न के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने की मजबूत स्थिति में हैं।

मेदवेदेव ने मैच के शुरुआती गेम में अर्नाल्डी की सर्विस तोड़ी, लेकिन शुरुआती दौर में वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। इटालियन खिलाड़ी ने 1-3 से आठ में से छह गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम किया।

हालांकि, मेदवेदेव ने कुछ बेहतर सर्विस और निर्णायक सेट के नौवें गेम में एक निर्णायक, क्लिनिकल रिटर्न गेम की मदद से जीत हासिल करने का तरीका ढूंढ लिया।

बारिश के कारण मेदवेदेव और अर्नाल्डी किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरिना के अंदर छत के नीचे प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, जिससे शंघाई मास्टर्स में लगातार दूसरे दिन बारिश के कारण खेल रुका रहा।

एटीपी टूर ने कहा, एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में कम से कम शाम 5 बजे तक बाहरी कोर्ट पर कोई मैच शुरू नहीं होगा।

हॉकी इंडिया ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय जूनियर टीम की घोषणा की

बेंगलुरु । हॉकी इंडिया ने रविवार को 18 सदस्यीय जूनियर पुरुष टीम की घोषणा की, जो मलेशिया में सुल्तान ऑफ जोहोर कप के 12वें संस्करण में भाग लेने के लिए तैयार है। नवनियुक्त मुख्य कोच पीआर श्रीजेश मलेशिया में टीम की कमान संभालेंगे, जबकि आमिर अली कप्तान होंगे और रोहित उनके डिप्टी होंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से भिड़ेगा और उसके बाद 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा। आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में, 25 अक्टूबर को, भारत न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में पहुंचने के लिए पूल में शीर्ष दो टीमों में शामिल होने की उम्मीद करेगा। डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह दो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल ही में चीन के मोकी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में खेले और भारत को अपना खिताब बरकरार रखने में मदद की। आमिर ने टूर्नामेंट में चोटिल डिफेंडर संजय की जगह बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि गुरजोत ने सभी मैचों में फॉरवर्ड लाइन का नेतृत्व किया और अपार क्षमता दिखाई। कप्तान आमिर ने कहा, सुल्तान ऑफ़ जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए एक लिटमस टेस्ट के रूप में काम करेगा।

कोहली से आगे निकले पंड्या, 5वीं बार सिक्स मारकर जिताया

49 गेंद रहते जीता भारत; अर्शदीप ने 11वीं बार 3 विकेट झटके; रिकॉर्ड्स

भारत ने बांग्लादेश को पहले टी-20 में 7 विकेट से हरा दिया। ग्वालियर में टीम ने 128 रन का टारगेट 49 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। सोमवार रात हार्दिक पंड्या ने सिक्स मारकर टीम इंडिया को जीत दिलाई, उन्होंने करियर में 5वीं बार विनिंग सिक्स लगाया है। इस मामले में पंड्या ने विराट कोहली (4 बार) को पीछे छोड़ा दिया है। वहीं, अर्शदीप सिंह ने टी-20 में 11वीं बार 3 विकेट लिए। उन्होंने युजवेंद्र चहल को पीछे छोड़ा। बांग्लादेश ने ग्वालियर में 19.5 ओवर बैटिंग करने के बाद 127 रन बनाए। भारत ने यह टारगेट 11.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। भारत ने पहली बार 100 से ज्यादा रन का टारगेट इतनी कम गेंदें बाकी रहते हासिल किया। भारत की पारी में 49 गेंदें बाकी रहीं। इससे पहले 2016 में टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 100 रन का टारगेट 41 गेंदें बाकी रहते हासिल किया था।

मां काली व दुर्गा के अवतार पर झूमे भक्त

महादेव भवन में रुचिता तिवारी ने श्रीमद् देवी भागवत कथा का पांचवां दिन

भास्कर दूत

बालोद। श्री दुर्गा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन बालोद में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के पांचवें दिन कथाकार रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया।

आज कथाकार रुचिता तिवारी ने मां भगवती के काली रूप, दुर्गा रूप में प्रकट होने की कथा बताइ। मां भगवती द्वारा महिषासुर, शुभ, निशुंभ, चंद्र मुंडा, धूम्र लोचन, रक्तबीज आदि दैत्यों के संघार की कथा बताई। कथा में मां कालिका के स्वरूप का बखान किया। उन्होंने कहा कि मां भगवती विभिन्न रूपों में प्रकट होकर समस्त पापियों का नाश करती है। उन्होंने आगे कहा कि मां भगवती जीवन को कल्याणकारी करने वाली मां है। भक्तों की रक्षा करने वाली है मां भगवती। इसीलिए भगवान कहते हैं मेरा वास वहां है जहां भक्त भजन करते हैं। उन्होंने कहा कि हम कभी कथा को नहीं सुनते हैं कथा हमें सुनती है। जीवन का वृत्तांत बताते हुए उन्होंने कहा कि कुछ ना कुछ कमी सभी में होती है। पर जिंदगी में कितनी भी कमी हो भगवती अपना लेती है। भक्त को शांत मन से बैठकर सोचना चाहिए कि भगवान ने हमें क्या-क्या नहीं दिया है। भगवान ने यदि दुख दिया है तो सुख भी दिया है, लेकिन हम सुख को भूल जाते हैं और दुख को याद रखते हैं। सुखो या दुख हो भगवान की सेवा प्रत्येक जीव को करनी चाहिए। मां भगवती हमें भीतर से आशीर्वाद देती है। हमे विश्वास रखना चाहिए कि सबके भीतर में भगवान हैं। जीवन में कष्ट सबको होता है लेकिन मां का आशीर्वाद भीतर से मिलता है। भक्त को इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि भगवान कभी पक्षपात नहीं करते। प्रभु सभी के लिए समान हैं। भगवान सर्वव्यापी है। जितना आवश्यकता होती है भगवान उतना ही देते है। अगर आपके पास भगवती है तो लक्ष्य अपने आप आएगा। भगवान को सुनना है तो शांत मन से सुनो। धैर्य रखकर सुनो इसीलिए कहा गया कि पानी पियो छान के गुरु बनाओ जान के। ऐसा कोई जगह नहीं जहां शिव ना हो, शिव सभी जगह है। मनुष्य छोटा सा संसार बनाते हैं लेकिन भगवान पूरा संसार बनाते हैं। भगवान के कार्य पर शंसय नहीं करना चाहिए, भगवान जो करते हैं बहुत सोच समझकर करते हैं।

जस गीतों की बही बयार

पंचम दिन कथा के दौरान मां भगवती के विभिन्न रूपों में अवतार लेने की कथा के समय अनेक बार कथा मंच से जस गीत गाए गए। इन जस गीतों में भक्तों से भरा पंडाल झूम उठता था। अपनी अपनी जगह पर खड़े होकर श्रद्धालु जस गीतों पर खूब झूमे। काली माई व मन दुर्गा के अवतार की झांकी निकाली गई जिसमें राक्षसों का वध करते हुए दिखाया गया। झांकी को भी लोगों ने खूब पसंद किया। 11 अक्टूबर तक चलने वाली कथा में जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ते जा रहे हैं भक्तों की संख्या भी पंडाल में लगातार बढ़ती जा रही है। आज कथा का पंचम दिवस होने व नवरात्रि की तिथि की पंचमी होने के कारण भी श्रद्धालुओं की संख्या काफी रही।

कलेक्टोरेट के सामने अब दिव्यांग दूसरी बार बैठा आमरण अनशन पर

बोला जीविकोपार्जन व उपचार के लिए सरकारी मदद दी जाए ,मांग अनसुना किया तो इच्छा मृत्यू की करेगा मांग

भास्कर दूत



गरियाबंद। गरियाबंद के वार्ड क्रमांक 15 में रहने वाला दिव्यांग अनिल कुमार यादव आज अपने ट्राय सायकल पर कलेक्टोरेट परिसर के बाहर अपने ट्राय सायकल में पोस्टर टांग दोबारा आमरण अनशन पर बैठ गया है,दिव्यांग सप्ताह भर पहले भी इसी तरह अनशन पर बैठा था,लेकिन अफसरों की समझाइस के बाद वो प्रदर्शन बंद कर दिया था।सप्ताह भर में कोई सुध नहीं लिया तो दोबारा प्रदर्शन शुरू कर दिया था। अनिल प्रशासन के समक्ष अपनी दो सूत्रीय मांग को लेकर यह प्रदर्शन कर रहा है। पहला उसे डेली विजेश नौकरी में वापस रखा जाए और दूसरा मेरे दिव्यांग पैर का उपचार कराया जाए।अनिल ने कहा की यह मांग पूरी नही हुआ तो आगे वह इच्छा मृत्यु की मांग करेगा। दरअसल अनिल 2008 से 2017 तक वन विभाग में दैनिक वेतनभोगी पर कार्यरत था,अचानक ब्रेन में दिक्कत होने के कारण उसे नौकरी के लिए निकाल दिया गया।पत्नी भी घर छोड़ कर चली गई । पिछले कुछ साल से वह किसी तरह पहचान वालो से मदद लेकर गुजारा कर रहा है। पीड़ित ने बताया की वह लगातार साशन प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहा है। मामले में वनमंडला अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने कहा है की अपने आवेदन उसने खुद कहा है कि वो दिव्यांग है,काम नही कर पाने की स्थिति में उसे काम पर कैसे रख सकते हैं।मैने कलेक्टर सर से अनुरोध किया है की पीड़ित को समाज कल्याण विभाग से दिव्यांगजन को मिलने वाली योजना का लाभ दिलाया जाए।

त्याग तपस्या दानशीलता पहचान है साहू समाज की : सांसद रुपकुमारी चौधरी

साहू समाज रूढ़िवादीता को पीछे छोड़, नई ऊर्जा से निरन्तर आगे बढ़ रही है : रंजना साहू

भास्कर दूत

पूर्व विधायक के निधि से स्वीकृत हटकेश्वर वार्ड में साहू समाज भवन का लोकार्पण महासमुंद सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू जी के मुख्य आतिथ्य में सामाजिक बंधुजनो व वार्डवासियों की उपस्थिति में हुआ सम्पन्न, दिए बधाई

धमतरी- धमतरी शहर के हाटकेश्वर वार्ड में पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू के निधि से स्वीकृत साहू समाज भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना साहू के आतिथ्य में पूजा अर्चना व फीता काट कर किया गया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों व समाजजनों के द्वारा साहू समाज की आराध्य देवी भक्त मां कर्मा की पूजा अर्चना की गई। आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं तिलक लगाकर साहू समाज द्वारा किया गया। अतिथि उद्बोधन में सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि साहू समाज में अनेक बदलाव आए हैं, सामुहिक विवाह को प्रोत्साहित करना, विधवाओं का पुनर्विवाह को बढ़ावा देना, सामाजिक कुरीतियों को रोकना, स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग देने जैसे अनेक बदलाव है, इस बदलाव से साहू समाज अन्य समाजों के लिए प्रेरणा बन रही है, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, नैतिक विचारधारा में निरंतर बदलाव आ रही है और इसमें साहू समाज का योगदान जो की त्याग तपस्या दानशीलता का पर्याय है, यह पहचान दिखाती है कि साहू समाज की एकता और संगठन क्षमता निरंतर बढ़ रही है। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि साहू समाज का इतिहास अति गौरवशाली रहा है देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता उपरांत भी देश के विकास, निर्माण एवं नईदिशा देने में साहू समाज का सराहनीय योगदान रहा है। समाज को आगे बढ़ाने एवं उसके चौमुखी विकास के लिए निरंतर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना हम सब का नैतिक दायित्व है।श्रीमती साहू ने आगे कहां कि समाज को आगे बढ़ाने में नवयुवकों का योगदान सराहनी एवं अग्रणी रहा है, क्योंकि कोई भी क्रांति बिना युवा नेतृत्व के बिना सफल नहीं होती, इसलिए युवाओं का योगदान समाज में नया जोश लाने नेतृत्व में जुझारूपन, कर्मठता, संपन्नता, विकासशील विचारों वाला भाव प्रकट करता है।

मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल CDTH का हुआ शुभारंभ

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ किया उद्घाटन,खुल गया प्रदेश स्तरीय अस्पताल

भास्कर दूत

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार में आज 180 बेड के मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल (CDTH) का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया, जबकि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने औपचारिक रूप से हॉस्पिटल के संचालन की शुरुआत की। हॉस्पिटल में मरीजों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें कैंसर के लिए कीमोथेरेपी, ग्लूकोमा के इलाज सहित अन्य जटिल रोगों के लिए विशेष चिकित्सा सेवाएं शामिल हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और भाजपा के अन्य प्रमुख नेता भी मौजूद रहे।

180 विस्तारों वाले इस हॉस्पिटल के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी, जिससे स्थानीय मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने की जरूरत नहीं होगी।

चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल (CDTH) में मरीजों के लिए कई उन्नत और विशेष सेवाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

कैंसर उपचार – कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी जैसी उन्नत कैंसर उपचार सेवाएँ। नेत्र रोग विभाग – ग्लूकोमा, मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सा।

कार्डियोलॉजी – हृदय रोगों की जांच और इलाज के लिए विशेषज्ञ सेवाएँ, एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की सुविधा।

ऑर्थोपेडिक विभाग ङ्क हड्डी और जोड़ से संबंधित समस्याओं का इलाज, साथ ही स्पाइन सर्जरी और आथ्रोस्कोपी की सेवाएँ।

डायग्नोस्टिक सेवाएँ – MRI, CT स्कैन, अल्ट्रासाउंड और डिजिटल X-ray जैसी उच्च स्तरीय जांच सुविधाएँ।

प्रसूति और स्त्री रोग ङ्क महिलाओं के लिए प्रसव और स्त्री रोग से संबंधित उन्नत चिकित्सा सेवाएँ। इमरजेंसी सेवाएँ –24म7 उपलब्ध इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर, जिसमें एम्बुलेंस सेवा भी शामिल है।

डायलिसिस – किडनी रोगियों के लिए नियमित डायलिसिस की सुविधा। जनरल सर्जरी और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी ङ्क आधुनिक उपकरणों के साथ सामान्य और दूरबीन सर्जरी की सेवाएँ।

फिजियोथेरेपी और पुनर्वास केंद्र शारीरिक समस्याओं के लिए फिजियोथेरेपी और पुनर्वास की उन्नत सेवाएँ। इन सेवाओं के साथ, हॉस्पिटल का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ मुहैया कराना है।

चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल (CDTH) में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं। प्रमुख डॉक्टरों की सूची इस प्रकार है–

डॉ. अजय वर्मा ङ्क कार्डियोलॉजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ)

डॉ. श्वेता मिश्रा ङ्क ऑन्कोलॉजिस्ट (कैंसर विशेषज्ञ)

डॉ. मनीष अग्रवाल ङ्क ऑर्थोपेडिक सर्जन (हड्डी एवं जोड़ विशेषज्ञ)

डॉ. प्रीति तिवारी ङ्क गायनेकोलॉजिस्ट (प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ)

डॉ. विवेक चौधरी ङ्क नेत्र रोग विशेषज्ञ (ग्लूकोमा एवं मोतियाबिंद विशेषज्ञ) डॉ. विनीत गुप्ता – न्यूरोलॉजिस्ट (मस्तिष्क एवं स्नायु रोग विशेषज्ञ)

डॉ. संजय पटेल ङ्क गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट (पाचन तंत्र विशेषज्ञ) डॉ. नीरज वर्मा – जनरल सर्जन (सामान्य सर्जरी और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विशेषज्ञ)

डॉ. पूजा शर्मा – पीडियाट्रिशियन (बाल रोग विशेषज्ञ)

डॉ. विकास त्रिपाठी – डायलिसिस और किडनी रोग विशेषज्ञ (नेफ्रोलॉजिस्ट) यह सूची अस्पताल में उपलब्ध प्रमुख डॉक्टरों की है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष ज्ञान और अनुभव रखते हैं। प्रत्येक विभाग में अन्य सहायक डॉक्टर और चिकित्सा स्टाफ भी मौजूद है, जो मरीजों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करते हैं। चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल (CDTH) में अपॉइंटमेंट बुकिंग की प्रक्रिया काफी सरल और सुविधाजनक है। आप निम्नलिखित तरीकों से अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

हथौद स्कूल में माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित

बालोद। पंचमी के शुभ अवसर पर सोमवार को प्राथमिक शाला हथौद में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना मंत्र का उच्चारण के साथ किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक, मनोज कुमार ठाकुर, किरण देवांगन, दुलेश खुर्श्याम, तिजाउ राम यादव सहित ग्रामवासी, छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

खुर्सीडीह का ईशांत का नवोदय में चयन

गरियाबंद। शासकीय प्राथमिक शाला खुर्सीडीह(मोहदा), संकुल केंद्र घटौद, विकासखंड व जिला गरियाबंद के होनहार छात्र ईशांत दीवान पिता नम्मू लाल दीवान का एकलव्य विद्यालय गरियाबंद में चयन हुआ था। उसके बाद कक्षा 6वीं के लिए नवोदय विद्यालय पांडुका में चयन हुआ है। बता दें इस संस्था से वर्ष 2017-18 से अब तक लगातार प्रतिवर्ष बच्चों का चयन हो रहा है। अब तक इस शाला से कुल नवोदय विद्यालय के लिए 5, एकलव्य विद्यालय के लिए 16 और जवाहर उत्कर्ष के लिए 2 बच्चों का चयन हो चुका है।छात्र ईशांत ने बिना कोई कोचिंग सुविधा के अपनी मेहनत व लगन से यह सफलता प्राप्त की है। नवोदय में चयन होने पर शाला के प्रधानपाठक केशव सोनवानी ,शिक्षक पुनारद राम निषाद ,संकुल समन्वयक एच एल सिन्हा, प्राचार्य बी पी कोसले, सरपंच महेंद्र सिंह नागेश, युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव यशवंत यादव, युवा कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष + पंच मोहदा नूतन मरकाम,शिवचरण दीवान व शिक्षकों ने छात्र के उज्जवल भविष्य की शुभकामना की है।

मालवाहक वाहन में सवारी ले जाने और दुर्घटना करने वाले चालक पर FIR दर्ज की गई

कवर्धा। सहसपुर लोहारा थानांतर्गत आज दिनांक 06/10/2024 को सुबह 6:30 बजे, जीतो वाहन (पिकअप) क्रमांक CG 09JP8312 के चालक द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए मजदूरों को मालवाहक वाहन में बैठाकर ग्राम कौहारी ले जाया जा रहा था। वाहन में लेखराम नेताम, रामअवतार मंडावी, सवित्री अमेरिका नेताम, सुकली बाई सहित 20-22 मजदूर सोयाबीन काटने के लिए सफर कर रहे थे। जब वाहन ग्राम बचेडी के कन्हैया अग्रवाल के डामर प्लांट के सामने पहुंचा, तब चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे पलटा दिया। इस दुर्घटना में वाहन में बैठे 19 लोगों को चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही सहसपुर लोहारा अपनी पुलिस पेट्रोलिंग टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल व्यक्तियों को तत्काल एम्बुलेंस से सीएचसी स0 लोहारा में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद, गंभीर स्थिति में 6 महिलाओं और 1 पुरुष को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि 8 अन्य लोगों का इलाज सीएचसी लोहारा में जारी है। घटना के संबंध में, वाहन चालक के खिलाफ थाना स0 लोहारा में अपराध क्रमांक 282/24 के तहत धारा 281, 125(A), 125(B) BNS, 184, 97, 66/192 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है, और मामले की विधिसंगत विवेचना की जा रही है। आम जनता और वाहन मालिकों से अपील है कि वे अपने मालवाहक वाहनों में किसी भी प्रयोजन से सवारी न बैठाएं।

महंत दंपति ने देवी मन्दिरों में की पूजा-अर्चना

मांगी क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली और विकास

कोरबा । प्रदेश नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत और उनके पुत्र सूरज महंत ने रविवार को देवी मंदिरों में पहुंचकर दर्शन पूजन-अर्चन कर क्षेत्र-प्रदेश की जनता की खुशहाली और उन्नति की कामना की. अपने दो दिवसीय प्रवास पर मां दंपति ने रतनपुर महामाया मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद पाली ब्लॉक के ग्राम लाफा स्थित प्राचीन महामाया-काली मंदिर पहुंचकर पूजा आराधना किया. वहां पर उपस्थित महिलाओं, ग्रामीण और कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की और उनकी मांग पर दो स्थल पर चबूतरा निर्माण की घोषणा की. तत्पश्चात वे चैतुरगढ़ स्थित आदि शक्ति मां महिषासुर मर्दिनी के दरबार पहुंचे. माता के दरबार में माथा ठेका. विधिवत पूजा अर्चना की. दर्शन आरती करने के पश्चात भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया.मंदिर परिसर में प्रज्वलित सैकड़ो की संख्या में आस्था के दीपों के दर्शन किए. मंदिर में पहुंचे दर्शनार्थियों से भी उन्होंने भेंट की. धार्मिक एवं जनकल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारी ने उनका स्वागत और सम्मान किया. उनकी मांग पर सांसद श्रीमती महंत ने 35 लाख के विकास कार्यों की अनुशंसा भी की. इसके बाद वे पाली महामाया देवालय पहुंचे. जहां बैगा ने विधि विधान से पूजा कराई.यहां भी मंदिर समिति ने इनका आत्मीय स्वागत किया. महंत दंपति ने विकास कार्यों के लिए यहथासंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

चैतन्य देवियों की झांकी बनी लोगों के आकर्षण का केंद्र

अष्टभुजाधारी दुर्गा मां की अष्ट शक्तियां हम सभी में मां के रूप में विद्यमान....

भास्कर दूत

भिलाई। तीन बार ओम की ध्वनि उच्चारण के साथ ब्रह्मांड की समस्त शक्ति से जुड़कर नवरात्रि के रूप में कन्या द्वारा नवदुर्गा के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए सेक्टर 7 स्थित राजयोग भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जिसमें एक के बाद एक चैतन्य देवियों का विशाल पर्वत एवं गुफाओं से प्रकट होकर जड़ मूर्ति के रूप में स्थिर होकर भक्तों को दर्शन दे उन्हें शांति और दिव्यता की अनुभूति करा रही है।

सर्वप्रथम सांसद विजय बघेल, रजनी बघेल, डॉक्टर पीयूष गोयल (डायरेक्टर स्पर्श हॉस्पिटल) मुखोपाध्याय जी (ई डी प्रोजेक्ट ,भिलाई इस्पात संयंत्र),पंकज त्यागी (जी एम,एफ एस एन एल) ब्रह्माकुमारी आशा दीदी द्वारा झांकी का दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया गया।

अष्टभुजा धारी दुर्गा मां की अष्ट शक्तियां (समाने की शक्ति, सहन करने की शक्ति, सामना करने की शक्ति, समेटने की शक्ति, परखने की शक्ति, निर्णय लेने की शक्ति, सहयोग करने की शक्ति,विस्तार को संकीर्ण करने की शक्ति) हम सभी में मां के रूप में विद्यमान है। हमारे अंदर की हर शक्ति हमारी मां है। यह सन्देश मूर्ति रूप में विराजित चैतन्य देवियाँ दे रही है ज्ञात हो की राजयोग मेडिटेशन के सतत अभ्यास द्वारा तन और मन की स्थिरता, एकाग्रता के कारण अचल और अडोल मूर्तियों के समान प्रतीत होती हैं कन्याएं। यह झांकी 11 अक्टूबर तक सर्व के निशुल्क दर्शनार्थ प्रतिदिन शाम को 06:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगी।

झांकी के अंत में सभी को राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास द्वारा बताया जा रहा है कि हमारे एक सकारात्मक विचार में सब कुछ बदलने की शक्ति है।

इस अवसर पर जीवन में सच्ची सुख और शान्ति का अनुभव करने के लिए गॉड्स पावर मेरे पास(परमात्म शक्तियां मेरे जीवन में) दस दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निशुल्क आयोजन रविवार 13 अक्टूबर से रहेगा। जिसका समय प्रात: 7 बजे प्रात: 8 बजे एवम संध्या 5:30 से संध्या 6:30 या संध्या 7:30 से रात्रि 8:30 तक रहेगा। उपरोक्त किसी भी एक समय पर निशुल्क शिविर का लाभ ले सकते है।

बलौदाबाजार हिंसा

विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ चार्जशीट पेश, 550 पन्नों का आरोप पत्र

भास्कर दूत

बलौदाबाजार । बलौदाबाजार हिंसा केस में जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में 550 पन्नों की चार्जशीट पेश की है, जिसमें डेढ़ दर्जन गंभीर धाराओं के अंतर्गत आरोप लगाए गए हैं। विधायक देवेंद्र यादव 17 अगस्त से जेल में बंद हैं। इस हिंसा मामले में अब तक 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, जिसमें विधायक यादव समेत 185 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुछ दिन पहले, देवेंद्र यादव की रिमांड अवधि को एक बार फिर से दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। पुलिस ने अदालत से आरोप पत्र दाखिल करने के लिए समय मांगा था, जिसके बाद कोर्ट ने 5 अक्टूबर तक उनकी न्यायिक रिमांड बढ़ा दी थी। देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस जानबूझकर चार्जशीट दाखिल करने में देरी कर रही है, ताकि उन पर और आरोप लगाए जा सकें।

5 अक्टूबर को पूरे हो रहे हैं 90 दिन

इस मामले में 5 अक्टूबर को 90 दिन पूरे हो जाएंगे, इसलिए पुलिस को जल्द ही चार्जशीट पेश करनी होगी। देवेंद्र यादव के वकील ने भी सोमवार को हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। इससे पहले भी 10 और 17 सितंबर को उनकी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। यादव की गिरफ्तारी 17 अगस्त को भिलाई से हुई थी, जिसके बाद से उनकी न्यायिक रिमांड लगातार बढ़ाई जा रही है।

शहर में विराजित देवी प्रतिमाएं

जयस्तंभ चौक, राजनांदगांव

लखोली नाका, राजनांदगांव

प्यारेलाल चिखली, राजनांदगांव

राजीव नगर वार्ड नं. 42

डिलापहरी, राजनांदगांव

हमालपारा, राजनांदगांव

शासन ने बढ़ाया राजस्व वसूली का लक्ष्य

रियल इस्टेट कारोबार में अब तेजी

मोहला और खैरागढ़ जिले का जिला पंजीयक कार्यालय अभी भी नांदगांव में

भास्कर दूत

राजनांदगांव। जिला विभाजन के लंबे समय बाद भी मोहला-मानपुर-चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का जिला पंजीयक कार्यालय राजनांदगांव ही बना हुआ है। यहां जिला पंजीयक कार्यालय को शासन ने पिछली बार के 125 करोड़ के लक्ष्य से बढ़कर 170 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया है और यह आदेश गत सितंबर में ही आया है। बरसात भर और पितृ पक्ष में जमीन जायदाद की रजिस्ट्री का काम ठंडा पड़ा रहा, जिसमें अब शारदीय नवरात्र लगते ही फिर तेजी आ गई है।

जिला पंजीयक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जमीन जायदाद के पंजीयन संबंधी हिसाब-किताब पहले की तरह नौ उपपंजीयक कार्यालय राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, अंबागढ़ चौकी, मोहला और गंडई के अनुसार ही हो रहा है। गत

वर्ष अप्रैल से सितंबर तक 12237 दस्तावेज पंजीबद्ध हुए थे, जबकि इस वर्ष 13044 दस्तावेज सितंबर के अंत तक प्राप्त हो चुके हैं। इनमें उप पंजीयक कार्यालय राजनांदगांव में बीते साल की इसी अवधि के मुकाबले इस साल की इसी अवधि में 22 दस्तावेज कम प्राप्त हुए हैं। 5 दस्तावेज मोहला से कम मिले हैं। खैरागढ़ में 53, छुईखदान में 432, डोंगरगढ़ में 157, डोंगरगांव में 70, छुरिया में 88, अंबागढ़ चौकी में 13 और गंडई में 21 दस्तावेज ज्यादा प्राप्त हुए हैं। चालू वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से सितंबर के अंत तक राजनांदगांव में 5652, खैरागढ़ में 2328, छुईखदान में 1057, डोंगरगढ़ में 1249, डोंगरगांव में 559, छुरिया में 863, अंबागढ़ चौकी में 328, मोहला में 323 और गंडई में 685 दस्तावेज पंजीकृत हुए हैं।

सबसे कम राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य मोहला को

जानकारी के मुताबिक शासन के वार्षिक राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य 170 करोड़ रुपए में सबसे ज्यादा 9800 लाख सब रजिस्ट्री ऑफिस राजनांदगांव को, फिर 2575 लाख खैरागढ़ को 970 लाख, डोंगरगढ़ को 790 लाख, डोंगरगांव को 745 लाख, छुरिया को 700 लाख, छुईखदान को 600 लाख, अंबागढ़ चौकी तथा 600 लाख वार्षिक राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य गंडई उपपंजीयक कार्यालय के लिए मिला है। इस वर्ष अप्रैल से अभी तक सभी कार्यालय मिलाकर 6225.32 लाख रुपए की आय प्राप्त हो चुकी है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 4988.20 लाख रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई थी। इस वर्ष प्राप्ति लक्ष्य का 36.62 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हो चुका है।

नगर निगम : सभी महापौर के साथ रहा विचित्र संयोग!

आगामी निगम चुनाव में भी यह संयोग बनेगा या नहीं वक्त ही बताएगा

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। आगामी नवंबर-दिसंबर में नगर निगम चुनाव संभावित है, जिसमें सभी 51 वार्ड के पार्षदों के साथ ही महापौर का चुनाव होना है। इससे पहले यहां के नगर निगम में जितने भी महापौर हुए, उन सब के साथ एक विचित्र संयोग यह बना कि महापौर बनने से पहले उनकी या उनके किसी न किसी परिजन की निगम की राजनीति या वहां के क्रियाकलाप में एंट्री पहले हुई है।

अतीत को झांक कर देखें तो 1994-95 में राजनांदगांव नगर पालिका परिषद से नगर पालिका निगम, तब शरद वर्मा महापौर बने जो पूर्व में पार्षद थे। उनके बाद अजीत जैन महापौर बने। वह भी पहले उप महापौर थे। तत्पश्चात विजय पांडे महापौर बने तो उनके पिता रज्जू लाल पांडे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष थे। उनके बाद सुदेश देशमुख एक वर्ष के लिए ही सही महापौर बने। वह भी इससे पहले पार्षद रहे। तत्पश्चात मधुसूदन यादव मनोनीत महापौर बने, जो पहले पार्षद रहे और वही बाद में सांसद भी बने। उनके बाद श्रीमती शोभा सोनी महापौर बनीं। वह भी पूर्व में पार्षद थी। उनके बाद नरेश डाकलिया महापौर चुने गए तो इससे पहले उनके भाई रमेश डाकलिया निगम के अध्यक्ष तथा एक अन्य भाई राजा डाकलिया पार्षद रहे। बाद में पूर्व सांसद मधुसूदन एक बार फिर महापौर बनाए गए, लेकिन दूसरी बार में वे निर्वाचित महापौर थे। वर्तमान महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, जिनका पंचवर्षीय कार्यकाल खत्म होने की ओर है, वह भी पूर्व में पार्षद रही हैं तथा उनके पति सुदेश देशमुख महापौर रहे हैं।

एक ही मोहल्ले से बन चुके हैं 3 महापौर

शहर में महापौर पद को लेकर विचित्र संयोग यहीं पर खत्म नहीं होता। एक और विचित्र संयोग यह बना है कि अब तक हुए 9 महापौर में से तीन महापौर एक ही मोहल्ले सदर बाजार के निवासी रहे। उनमें अजीत जैन, स्व. श्रीमती शोभा सोनी और नरेश डाकलिया के नाम शामिल हैं। अबकी बार भी यह विचित्र संयोगबनेगा या नहीं यह समय के गर्भ में है। देखना है कि महापौर पद को लेकर आगे क्या गुल खिलता है? अभी तो छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीख ही घोषित नहीं हुई है। लोग इस पद को लेकर किस तरह का आरक्षण किया जाता है यह पहले देखना चाह रहे हैं।

इंदिरा सरोवर में डूबने से बालक की मौत, दो बच निकले

भास्कर दूत

राजनांदगांव। शहर के भरकापारा-मठपारा स्थित इंदिरा सरोवर में नहाने के लिए कूदे तीन बच्चों में से दो को आसपास के लोगों ने बचा लिया, लेकिन एक बच्चे को बचाने का प्रयास विफल रह गया।

जानकारी के अनुसार नंदई के तीन बच्चे आज सुबह 10.30 बजे इंदिरा सरोवर तें नहाने गए थे। तीनों बच्चों को तैरना नहीं आता था, फिर भी वे तालाब में कूद गए। वहां मौजूद और आसपास के घरों के लोगों ने उन्हें डूबते देखा तो सहायता के लिए दौड़े। लोग दो बच्चों को बचाने में सफल रहे, लेकिन तीसरे बच्चे को नहीं बचा पाए। नंदई के भाजपा पार्षद विजय राय ने बताया कि मृत बालक का नाम धनराज है। उसके पिता भानु गेंड्रे होटल में मजदूरी का काम करते हैं। जिन बच्चों की जान बच गई, उन्हीं लोगों ने धनराज के पिता को होटल में जाकर तथा मोहल्ले के लोगों को अपने साथी धनराज के उक्त तालाब में डूब जाने की जानकारी दी। उसके बाद धनराज के पिता सहित नंदई के लोग भरकापारा तालाब की ओर दौड़े। पुलिस ने घटना शव को निकलवाकर पंचनामा किया और पोस्टमॉर्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंप दिया। मासूम बच्चे की अकाल मृत्यु से मोहल्ले में शोक व्याप्त है।

खंबे से टकराकर युवक-युवती की मौत

इधर शहर के जीईरोड पर रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे हुए हादसे में एक युवक और युवती की अकाल मौत की खबर है। जानकारी के अनुसार शहर के नंदई चौक निवासी कुणाल जैन पिता कुशलचंद जैन उम्र 23 साल बालोद निवासी कु. योगिता सोनी पिता स्व. सुदर्शन सोनी उम्र 18 साल मोटरसायकिल पल्सर क्रं. सीजी 04 एनवी 9118 में सवार होकर डोंगरगढ़ जा रहे थे। रास्ते में भारत डायग्नोस्टिक सेंटर के सामने मोटर सायकिल अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए तत्काल मेडिकल कॉलेज पेंड्री पहुंचाया गया, किंतु दोनों के सिर पर गहरी मार लगने से अत्याधिक रक्तस्राव के कारण दोनों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा अस्पताली पर्ची पर मर्ग क्रमांक 59, 60/2024 कायम कर पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर दोनों के शवों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता : इण्डस्ट्रियल एरिया, जी.ई.रोड़, राजनांदगांव
मो.9406011669

वकील का लायसेंस निरस्त करें- पटवारी संघ

गंडई पुलिस और एसडीएम को ज्ञापन देकर की कार्यवाही की मांग

भास्कर दूत

गंडई पंडरिया। बीते दिन तहसील कार्यालय में दो अलग-अलग दिन में दो पटवारियों के साथ गाली गलौच, अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी के बाद जिला पटवारी संघ एक जुट हो गया है। संघ के पदाधिकारियों ने सात अक्टूबर सोमवार को गंडई एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

दरअसल मामला पटवारी शिवानी मिश्रा व पटवारी शिवलाल टंडन के साथ हुए अभद्र व्यवहार एवं शासकीय कार्य करने के दौरान बाधा उत्पन्न करने से जुड़ा हुआ है। इस मामले को लेकर जिला पटवारी संघ ने आज ज्ञापन देकर बताया कि 30 सितंबर को न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील गंडई में पीठासीन अधिकारी के कोर्ट में सतीश सिंघानिया वकील के द्वारा पटवारी शिवानी मिश्रा को फोन कर धमकी देते हुए गाली गलौच करते हुए न्यायालय में बुलाया गया। पटवारी जब न्यायालय में पहुंची, तब वकील द्वारा पटवारी को पक्षकार तोरण वर्मा के नामांतरण के संबंध में अभिलेख, दुरूस्ती क्यों नहीं कर रहे हो पूछते हुए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। पटवारी द्वारा बताया गया कि नामांतरण आदेश हेतु न्यायालय में लंबित है। आदेश उपरांत ही अभिलेख दुरूस्त किया जा सकेगा। उसके बाद भी वकील सतीश सिंघानिया ने जो कुर्सी में बैठकर अपने जुबान में लगाम नहीं देते हुए पटवारी की गलती है बोलते हुए पटवारी को नीचा दिखाते हुए न्यायालय में उपस्थित लोगों के समक्ष अश्लील गालियां दी। बाहर निकलो, तुम गंडई में कैसे रहोगी और कैसे काम करोगी, मैं देख लूंगा, अगर मेरा काम तुरंत नहीं होगा तो ठीक नहीं बनेगा। इतना सब होने के बाद भी पीठासीन अधिकारी द्वारा कोई भी कार्यवाहीं नहीं की गई।

पटवारी संघ के अध्यक्ष की कालर पकड़कर गाली-गलौज

इसी प्रकार तीन अक्टूबर को पटवारी शिवलाल टंडन न्यायालय तहसीलदार गण्डई में दोपहर में तोरण बाई पति शत्रुपाल के फौती आवेदन के संबंध में चर्चा करने उपस्थित हुये थे। जब पटवारी ने पीठासीन से बात करने के लिये दस्तावेज को सामने किया। उसी समय जीवनदास रात्रे द्वारा आवेदन के संबंध में मैं बताउंगा करके तुम फौती दर्ज क्यों नहीं कर रहे हो, बोलकर धमकाते हुए कहा कि तुम बाहर निकलो, फिर बताता हूं। बाहर निकलने पर पटवारी की कॉलर पकड़ कर गाली गलौच करते हुए जान से मारने कि भी धमकी दी गई। उक्त घटना पीठासीन अधिकारी की उपस्थिति में हुआ। फिर भी उनके द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। उस समय न्यायालय में रीडर, भृत्य उपस्थित थे। तीन अक्टूबर को उक्त घटना की सूचना थाना गण्डई में दी गई। उक्त घटना से पटवारी शिवलाल टंडन व उनका परिवार भी डरा सहमा हुआ है। वर्तमान में पटवारी शिवलाल टंडन राजस्व पटवारी संघ तहसील इकाई गंडई का तहसील अध्यक्ष भी है।

अधिवक्ता सतीश सिंघानिया का कहना है कि महिला पटवारी द्वारा मेरे राजनीतिक, सामाजिक, वकालत एवं व्यक्तिगत छबि खराब करने के लिए ऐसा किया गया है। एक किसान का नामांतरण का मामला लंबित था। मेरा पक्षकार किसान बहुत परेशान था। मैं न पटवारी को गाली दिया हूं, न ही धमकी। जातिगत अपशब्दों का प्रयोग भी नहीं किया हूं। यह सब प्लानिंग के तहत किया जा रहा है।

हम कर्मचारी के साथ हैं- एसडीएम

एसडीएम गंडई रेणुका रात्रे का कहना है कि हम अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ हैं। कोई भी व्यक्ति अगर न्यायालय में अभद्र व्यवहार करता है तो बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा। पटवारी संघ ने मुझे ज्ञापन दिया है, जिसकी जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

माफी मांगने पर केस वापस- थानेदार

गंडई थाना प्रभारी भीम सेन यादव का कहना है कि पटवारी शिवलाल टंडन द्वारा जीवन दास रात्रे के खिलाफ लिखित शिकायत की गई थी, जिस पर संबंधित रात्रे ने थाना परिसर में उपस्थित पटवारी संघ से माफी मांगी, जिस पर पटवारी ने लिखित सहमति देकर शिकायत कापी वापस ले ली है।

22 हजार किमी पदयात्रा पर निकले दीपक वर्मा

एकता का संदेश देने कोडरमा से संस्कारधानी पहुंचे

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। देशभर में लोगों को एकता के सूत्र में पिरोने के उद्देश्य के साथ राजस्थान के कोटा प्रेम नगर निवासी 25 वर्षीय दीपक वर्मा 40 किलो वजनी बैग लेकर 22 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकल चुके हैं। इस यात्रा के दौरान वह भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा नेपाल की भी यात्रा कर चुके हैं। 2023 में शुरू हुई पैदल यात्रा 2027 में समाप्त होगी। बातचीत में दीपक वर्मा ने बताया कि वह अविवाहित है। उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया है। उनके पिता रामकृष्ण वर्मा

निर्माण कार्य ठेकेदार हैं। माता सुशीला बाई गृहिणी हैं। उन्होंने बताया कि 25 मार्च 2023 को अपने निवास स्थान से उन्होंने इस पैदल यात्रा की शुरुआत की थी, जो वर्ष 2027 में समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि इस पैदल यात्रा के दौरान लोगों से जातियों में न बंटकर पूर्ण राष्ट्र सनातनी एकता का संदेश दे रहे हैं।

रोजाना 25 से 30 किमी पैदल सफर

दीपक ने बताया कि इससे पहले उन्होंने कोटा से केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम, नीलकंठ महादेव, ऋषिकेश की यात्रा और कोटा से महाकालेश्वर की यात्रा पैदल पूरी की है। रोज सुबह करीब छह बजे उनकी यह यात्रा शुरू हो जाती है। दिनभर वह 25 से 30 किलोमीटर पैदल चलते हैं। इसके बाद शाम को कोई सुरक्षित स्थान देखकर रात्रि विश्राम करते हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने साथ कैपिंग टेंट कपड़े समेत जरूरत के कुछ सामान लेकर चल रहे हैं। यात्रा के दौरान ठहरने के लिए उचित स्थान नहीं मिलने पर वह कैपिंग टेंट लगाकर रात गुजारते हैं। दीपक वर्मा आज राजनांदगांव पहुंचे और यहां उन्होंने मंदिर, देवालयों में मत्था टेका। कुछ लोगों से उन्होंने मुलाकात कर चर्चा भी की। इसके बाद वह बस्तर के लिए पदयात्रा पर निकल पड़े।

ALL IN ONE COMPUTER INSTITUTE
& SPOKEN ENGLISH CLASSES
नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट।
सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस
1000/- विशेष छूट
BCA, DCA, PGDCA
1000/- विशेष छूट
KARAN SAHU
FEES STRUCTUTRE-2024-25
-7000071773

S.NO.	COURSE	FEES	DURATION
1	BCA	15500	3 YEAR
2	DCA	12000	1 YEAR
3	PGDCA	14000	1 YEAR
4	TALLY	3000	2 MONTH
5	MS-OFFICE	5000	3 MONTH
6	MS-OFFICE+ TALLY	7500	6 MONTH

नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट
सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस
For More Detail. : 70000-71773
पता - दिग्विजय कॉलेज के सामने, गोपी बर्तन के पास, ट्रांसफार्मर के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)

दैनिक भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

पूर्व महापौर ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा, व्यक्तिगत कारणों का दिया हवाला

भास्कर दूत

रायगढ़। रायगढ़ के पूर्व महापौर जेठूराम ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपना त्यागपत्र सीधे प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को भेजा है. हालांकि उनके इस्तीफे का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है. इस्तीफा पत्र में उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से अपनी व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे रहे हैं.

बताया जा रहा है जेठूराम पार्टी में लगातार हो रही उपेक्षा से परेशान थे. 2005 से 2010 तक रायगढ़ नगर निगम में बड़ी जीत हासिल कर महापौर बने थे. लेकिन हाल के वर्षों में पार्टी के भीतर उनकी अनदेखी से नाराज चल रहे थे. जिसके चलते आज उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है.

निगम के पूर्व महापौर जेठूराम मनहर ने अपने इस्तीफे को लेकर कहा है कि वे कई महीनों से कांग्रेस में अपने आपको असहज महसूस कर रहे थे और इसलिए आज उन्होंने यह इस्तीफा दिया है. बातचीत के दौरान उन्होंने इस्तीफे के पीछे का कारण खुलकर तो नही बताया लेकिन इशारों-इशारों में यह बता दिया कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में उनकी अनदेखी की जा रही थी. अपने इस्तीफे के बाद नई पार्टी में शामिल होनें के सभी विकल्प खुले होना बताया. वहीं रायगढ़ शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल शुक्ला का कहना है कि जेठूराम मनहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हैं और निगम में प्रथम महापौर के रूप में बनने से उन्हें बकायदा सम्मान दिया जाता रहा है. अचानक उनके इस्तीफे के पीछे क्या कारण हो सकते हैं यह उन्हें नहीं पता और सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें पूर्व महापौर के इस्तीफे की जानकारी मिली है. बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में उनकी सक्रियता पहले जैसी नहीं थी. बता दें कि इससे पहले कांग्रेस को सक्ती जिले के जैजैपुर में झटका लगा. यहां जनपद अध्यक्ष रोशनी चंद्रा सहित 6 जनपद सदस्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं.

योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाएं - अरुण साव

उप मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

भास्कर दूत

रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा बेमेतरा जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने आज बेमेतरा जिला मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विकास कार्यों की प्रगति और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल तथा विधायक श्री दीपेश साहू और श्री ईश्वर साहू भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। इसके लिए पात्र सभी हितग्राहियों के लिए आवास स्वीकृत करें।

अधिकारियों को फील्ड पर जाकर कार्यों के बारीकी से निरीक्षण के दिए निर्देश

उन्होंने जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्माण और जन सुविधाएं विकसित करने के कार्यों को गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी नगरीय निकाय में काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर शहरों का सुव्यवस्थित और सुनियोजित विकास सुनिश्चित करें। कर्मचारियों के वेतन का समय पर भुगतान करें। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों और पुल-पुलियों की मरम्मत का काम प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता पर पूरा ध्यान देने को कहा। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों के साथ ही फील्ड पर जाकर कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करने को कहा। श्री साव ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना न पड़े, इसका ध्यान रखें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों का तेजी से निपटारा करने के निर्देश दिए। श्री साव ने जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने आंगनबाड़ियों में बच्चों की उपस्थिति के साथ ही उनके लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उप मुख्यमंत्री श्री साव ने जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

ओडिशा के सागौन तस्करों पर टाइगर रिज़र्व एन्टी पोचिंग टीम की दबिश

भास्कर दूत

गरियाबंद। ओडिशा राज्य के ग्राम संबलपुर में डाली गयी रेड, ओडिशा वन अमला भी रहा शामिल आरोपियों से सागौन चिरान के साथ जंगली सूजर दांत, कछुए का छाल, बन्दर की खोपड़ी, क्लच वायर फंदे जप्त सूचना मिलने के बाद भी एसडीओ सीतानदी कार्यवाही से नदारद। वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद (छ.ग.) के कुशल मार्गदर्शन में परिक्षेत्र रिसगांव (फोर एरिया) के कक्ष क्रमांक 246 में दिनांक 05.10.2024 को ग्राम संबलपुर उड़ीसा के 11 व्यक्तियों के द्वारा अपने स्वयं के कुल्हाड़ी आरा लेकर बलात प्रवेश कर 14 नग सागौन वृक्षों की कटाई कर 11 नग स्लीपर बनाकर ले जाते समय पेट्रोलिंग श्रमिक और संयुक्त वन प्रबंधन समिति साल्हेमाठ के सदस्यो के द्वारा घेरा बंदी कर पकड़ने की कोशिश किया गया, जिसमे 01 व्यक्ति सुकालू राम पिता मिन्दरु गोड़ को पूछताछ के लिए बाकि 10 व्यक्ति मौके से फरार हो गये। सुकालू राम पिता मिन्दरु गोड़ को पकड़कर परिक्षेत्र कार्यालय रिसगांव लाकर पूछताछ किया गया, पूछताछ के दौरान सुकालूराम अपने कथन में सभी फरार (1) आनंद पिता शैलु रावत, (2) अर्जुन पिता सुखचंद गोड़ (3) रतन पिता संतु गोड़. (4) राजाराम पिता फगना गोड़ (5) लच्छन पिता मंगलु गोड़ (6) सोमराज पिता फगना गोड़ (7) दशरु पिता लच्छु गोड़ (8) पुनीत पिता मेहर गोड़ (9) गागरु पिता रधा कमार (10) धनसू पिता रुपसिंह गोड़ ग्राम संबलपुर, थाना कुन्दई, तहसील रायघर, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) बताया गया। आरोपी सुकालू राम पिता मिन्दरु गोड़ को पुलिस थाना सिहावा मे पुलिस अभिरक्षा मे रखा गया। दिनांक 07.10.2024 को प्रकरण के सभी 10 आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एन्टीपोचिंग टीमउदंती सीतानदी टायगर रिजर्व का सहयोग लिया गया। एन्टीपोचिंग टीम के द्वारा सुकालू राम पिता मिन्दरु गोड़ को उनके गृह ग्राम संबलपुर (उड़ीसा) ले जाया गया जहा उनकी निशानदेही पर 03 आरोपियों के द्वारा छुपाये गये स्थान से 07 नग सागौन स्लीपर को दिखाया गया, जिसे विभाग के द्वारा जप्त किया ग्राम संबलपुर उड़ीसा के 11 व्यक्तियों के द्वारा अपने स्वयं के कुल्हाड़ी आरा लेकर बलात प्रवेश कर 14 नग सागौन वृक्षों की कटाई कर 11 नग स्लीपर बनाकर ले जाते समय पेट्रोलिंग श्रमिक और संयुक्त वन प्रबंधन समिति साल्हेमाठ के सदस्यो के द्वारा घेरा बंदी कर पकड़ने की कोशिश किया गया, जिसमे 01 व्यक्ति सुकालू राम पिता मिन्दरु गोड़ को पूछताछ के लिए बाकि 10 व्यक्ति मौके से फरार हो गये। सुकालू राम पिता मिन्दरु गोड़ को पकड़कर परिक्षेत्र कार्यालय रिसगांव लाकर

पूछताछ किया गया, पूछताछ के दौरान सुकालूराम अपने कथन में सभी फरार (1) आनंद पिता शैलु रावत, (2) अर्जुन पिता सुखचंद गोड़ (3) रतन पिता संतु गोड़. (4) राजाराम पिता फगना गोड़ (5) लच्छन पिता मंगलु गोड़ (6) सोमराज पिता फगना गोड़ (7) दशरु पिता लच्छु गोड़ (8) पुनीत पिता मेहर गोड़ (9) गागरु पिता रधा कमार (10) धनसू पिता रुपसिंह गोड़ ग्राम संबलपुर, थाना कुन्दई, तहसील रायघर, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) बताया गया। आरोपी सुकालू राम पिता मिन्दरु गोड़ को पुलिस थाना सिहावा मे रखा गया। दिनांक 07.10.2024 को प्रकरण के सभी 10 आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एन्टीपोचिंग टीमउदंती सीतानदी टायगर रिजर्व का सहयोग लिया गया। एन्टीपोचिंग टीम के द्वारा सुकालू राम पिता मिन्दरु गोड़ को उनके गृह ग्राम संबलपुर (उड़ीसा) ले जाया गया जहा उनकी निशानदेही पर 03 आरोपियों के द्वारा छुपाये गये स्थान से 07 नग सागौन स्लीपर को दिखाया गया, जिसे विभाग के द्वारा जप्त किया।

संक्षिप्त समाचार

10 साल के बच्चे की हत्या

सिर और धड़ अलग-अलग मिले, बलि की आशंका

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में 10 साल के बच्चे की हत्या का सनसनी खेज मामला सामने आया है। पांच दिन से लापता बच्चे की लाश रविवार शाम को नदी किनारे मिली। बच्चे का सिर और धड़ अलग-अलग मिले। आशंका जताई जा रही है कि तंत्र-मत्र के लिए किसी ने बच्चे की बलि चढ़ा दी है। बच्चे का शव मिलने की सूचना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। यह पूरा मामला बलंगी पुलिस चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार तोरफा गांव निवासी राम अशोक पाल का 10 साल का बेटा बृजेश 2 अक्टूबर की शाम से अचानक लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन बच्चा नहीं मिला तो थाने में शिकायत दर्ज कराई। बच्चे की लगातार तलाश की जा रही थी। रविवार शाम को कुछ ग्रामीणों ने मोरन नदी के किनारे जंगल में एक बच्चे की सड़ी गली लाश पड़ी है। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधिकारी सहित फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड के साथ पहुंचे। शव काफी सड़ चुका था। शव की शिनाख्त 2 अक्टूबर को लापता हुए बृजेश पाल के रूप की कई। पुलिस को बच्चे बृजेश कुमार पाल का सिर और धड़ अलग-अलग मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि बच्चे का गला काटकर बलि दी गई है। इसके बाद लाश को नदी किनारे लाकर छोड़ दिया गया। मृतक बृजेश कुमार पाल कक्षा 5वीं का छात्र था।

सभापति गोवेन्द्र पटेल ने बाटे ग्रामीण आवास प्रमाण पत्र

साज़ा। भास्कर दूत-। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत सभापति गोवेन्द्र पटेल ने ग्राम पंचायत सेमरिया मे आयोजित ग्रामसभा में शामिल होकर प्रधानमन्त्री आवास योजना से लाभान्वित लगभग 30 लाभार्थीयो को प्रमाण पत्र देकर

उनको सम्मानित किया।और बताया की इस योजना से क़रीब एक साथ 30आवास बनने जा रहा है यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार में संभव है,केवल बेमेतरा जिले में लगभग 15000 हितग्राहियो के खाते में प्रथम किश्त 40000 रुपए आवास योजना के आ चुके है और अभी लगातार हितग्राहियों को आवास का लाभ मिल रहा है । साथ ही साथ लगातार ग्राम सभा का आयोजन कर सभी ग्राम पंचायतों में छूटे हुए हितग्राहियों के नाम जोड़ने का निर्देश भी दिया गया है।

जिला स्तरीय आवास मेला का आयोजन 08 अक्टूबर को

गरियाबंद के मंगल भवन में होगा कार्यक्रम

भास्कर दूत

जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल कार्यक्रम में होंगे शामिल
पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश एवं चाबी वितरण किया जायेगा

गरियाबंद । राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के भूमिपूजन एवं गृहप्रवेश कार्यक्रम आयोजन के निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में 08 अक्टूबर को जिला स्तरीय आवास मेला कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम गरियाबंद के गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आवास मेला में पीएम आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण आवास के हितग्राहियों को चाबी एवं नये स्वीकृत आवास के हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश प्रदान किया जायेगा। साथ ही हितग्राहियों को सम्मानित भी किया जयेगा। इसके अलावा श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, स्वाइल हेल्थ कार्ड, पोषण किट आदि का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं से संबंधित विभागीय स्टॉल लगाये जायेंगे।

जनजातियों का ज्ञान और परंपराएं दूसरे समाजों के लिए भी अनुकरणीय - टेकाम

जनजातियों के गौरवशाली अतीत पर रविशंकर विश्वविद्यालय में हुई कार्यशाला

भास्कर दूत

रायपुर। जनजातियों के गौरवशाली इतिहास, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और जनजातीय महानायकों के बलिदान को आमजनों को बताने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभाग्रह में संपन्न हुई। इस कार्यशाला में पूर्व आईएएस अधिकारी और वर्तमान केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम ने जनजातियों के ज्ञान और परंपराओं को दूसरे समाजों के लिए भी अनुकरणीय बताया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनतीय समाज में सहभागिता, प्रकृति प्रेम के साथ आत्म स्वाभिमान से जीने की कला को दूसरे समाज के लोंगो को भी सीखना चाहिए। श्री टेकाम ने इस दौरान जनजातीय समाज को भारत के संविधान को मिली सहूलियतों और संरक्षण के साथ विकास के लिए किए गए प्रावधानों को भी लोंगो को बताया। इस दौरान वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती भी मनाई गई और रानी दुर्गावती के अपने गोंडवाना प्रदेश की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बलिदान हो जाने के वृत्तांत पर भी प्रकाश डाला गया है। कार्यशाला में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं एवं नागरिक शामिल हुए।

शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर नशेड़ी बेटे ने कर दी बुजुर्ग पिता की हत्या

भास्कर दूत

जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर नशेड़ी बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी। घटना बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम पुरंगा क्षेत्र की है। हत्या की सूचना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में ग्राम पुरंगा निवासी दसई साय (50) ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनके घर के बगल में इसके चाचा जधिया साय (80) का घर है। 5 अक्टूबर की रात 8 बजे जधिया साय अपने घर में बैठा था। इस दौरान उसका चचेरा भाई अलंग साय बस्ती की ओर से शराब के नशे में चूर होकर आया और अपनी पत्नी से फिर से शराब पीने के लिये पैसा की मांगने लगा। पत्नी ने नहीं दिया तो उसने उसे दौड़ाया। तब उसकी पत्नी बच्चों को लेकर बस्ती की ओर भाग गई।

इस बीच जधियाराम अकेला सो रहा था। उसकी पत्नी सुबह से घर पर नहीं थी। इसके बाद अलंग साय अपने पिता के पास गया और उसे जगाकर शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जधिया साय ने पैसे नहीं दिए और अपने नशेड़ी बेटे को डांट दिया। इससे नाराज होकर अलंग साय ने घर में रखे सरई लकड़ी का फारा उठाया और अपने पिता के सिर, सीना, पीठ, बांये हाथ पर मारने लगा। यह सब उसका चचेरा भाई दसई रात देख रहा था लेकिन डर के मारे कुछ कर नहीं पाया और अपने घर जाकर सो गया। इसके बाद दूसरे दिन रविवार 6 अक्टूबर की सुबह दसई साय अपने चाचा को देखने के लिये गांव के एक व्यक्ति को साथ लेकर उनके घर के पास गया था। इस दौरान जधिया साय की पत्नी भी घर आ गई थी। जधिया साय को देखने तीनों उसके कमरे में पहुंचे तो देखा कि वह जमीन पर पड़े हैं। हिला-डुलाकर देखने पर को हलचल नहीं हुई और सिर पर गहरा घाव लगा हुआ था। बेरहमी से पिटाई के कारण उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीएम कराया और रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद आरोपी अलंग साय को चंद घंटों में उसके गांव से गिरफ्तार किया गया।

सम्मान पत्र देकर जवानों को किया गया सम्मानित, जवानों पर फूलों की हुई बारिश

ढोल-नंगाड़े के साथ जोरदार स्वागत और माला पहनाकर भारतीय सैनिकों को दी गई विदाई

भास्कर दूत

रायपुर । साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह के समापन बाद कार्यस्थल के लिए लौटने वाले भारतीय सेना का जोरदार स्वागत कर विदाई दी गई। रायपुर रेलवे स्टेशन में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने भारतीय जवानों के माथे में तिलक लगाकर फूलों की माला पहनाई गई और शॉल भेंट किए। साथ ही सभी जवानों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। रेलवे स्टेशन में ढोल-नंगाड़े के साथ सैनिकों का जोरदार स्वागत किया गया। भारतीय जवानों पर महिलाओं ने फूल की बारिश कर विदाई दी। भारतीय जवानों ने कहा इस मौके पर कहा कि यह पल हमारे लिए हमेशा यादगार रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा सम्मान मिला, यह हमारे के लिए गर्व की बात है। रायपुर का वातावरण भी काफी अच्छा है और यहां पहुंचकर बहुत अच्छा लगा। भारतीय जवानों ने जिला प्रशासन की सरहाना कर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सशस्त्र सैन्य समारोह के समापन के बाद भारतीय जवानों के अपने कार्यस्थल लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। पहली

टोली आज रायपुर रेलवे स्टेशन से कार्यक्षेत्र के लिए ट्रेन से रवाना हो गई है। इसके बाद लगातार जवानों के लौटने का सिलसिला चलेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने सशस्त्र सैन्य समारोह का सफल आयोजन किया। इसमें भारतीय जवानों ने अपने सैन्य ताकत को दिखाया और टैंक की प्रदर्शनी भी लगाई।

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह बाइक रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

भास्कर दूत

दल्लीराजहरा -वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत वन परिक्षेत्र दल्ली राजहरा एवं डौण्डी में उप वन मंडलाधिकारी दल्ली राजहरा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी दल्ली राजहरा एवं डौण्डी एवं वन परिक्षेत्र दल्ली राजहरा एवं डौण्डी के समस्त अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में दल्ली राजहरा एवं डौण्डी नगर में बाइक रैली कर वन्यप्राणी सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया एवं आमजनों को मानव वन्यप्राणी संबंधों में जागरूक किया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी दल्लीराजहरा जेएल भोण्डेकर ने कहा की वनस्पतियों और वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण सब की जिम्मेदारी होनी चाहिए। पृथ्वी में संतुलन हेतु हर वन्यप्राणी,जीव जंतु एवं वनस्पति की आवश्यकता होती है। इस के लिए सब को इसके उत्थान के लिए सजग व जागरूक होना चाहिए।

दल्लीराजहरा एवं डौण्डी वन परिक्षेत्र के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।
वनस्पतियों और वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण सब की जिम्मेदारी - जेएल भोण्डेकर (वन परिक्षेत्र अधिकारी)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग , मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com